संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 224
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



कब्जाई जमीनों पर बनेंगी गरीबों की हवेलियां-योगी



- मुख्यमंत्री ने वाराणसी में किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान
- लोकप्रिय जनप्रतिनिधि वही, जिसकी हर घर में पहुंच हो

वाराणसी,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार निर्माण समेत बड़े कार्य कर सकती है, लेकिन उसके संरक्षण व सुरक्षा की जिम्मेदारी जागरूक समाज व जनता की होती है। यदि जनता जागरूक नहीं है तो बड़े से बड़े निर्माण को भी धराशायी होने में देर नहीं लगती। प्रयागराज में माफिया ने जमीन पर कब्जा कर लिया था, उसे खाली कराकर सरकार गरीबों, दलितों, वंचितों के लिए हाईराइज बिल्डिंग बनाने जा रही है। यूपी में माफिया की जगह सिर्फ मिट्टी में है और कब्जाई गई जमीनों पर गरीबों के लिए हवेलियां बनेंगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में नगर निगम व जल निगम के स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें भोजन भी परोसा। कबीरचौरा स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित इस समारोह में जन–कल्याणकारी कार्यों के संदर्भ में लघु फिल्म दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता मित्र स्थानीय सांसद एवं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता पीएम नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ काशी मिशन को धरातल पर उतार रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मी नींव के पत्थर हैं, जो दिखते नहीं है, लेकिन इमारत इसी पर खड़ी होती है। सर्दी, गर्मी, बरसात, आंधी–तूफान, त्योहार में भी स्वच्छता मित्र सड़कों पर उतरकर समाज को स्वच्छ वातावरण देते हैं। पहले आपका माहौल उत्सवमय करते हैं और अंत में अपने बच्चों का त्योहार मनवाते हैं। कुछ लोग अपने कृत्यों व कारनामों से गंदगी फैलाते हैं, लेकिन बड़ा तबका अपने पुरुषार्थ व परिश्रम से आमजन को स्वच्छ वातावरण देता है। स्वच्छता कर्मियों के कारण ही प्रयागराज महाकुंभ स्वच्छ, दिव्य–भव्य हो पाया था। वहां 66 करोड़ श्रद्धालु आए और स्वच्छता की प्रशंसा की।काशी बदल चुकी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अविनाशी काशी का कायाकल्प हुआ है। जिस काशी की संकरी गलियों में 2014 से पहले गंदगी का अंबार था। सड़कों पर गोवंश व सांड़ घूमते थे। बिजली के लिए तरसना पड़ता था। बदहाल घाट, जाम और गंदगी काशी की पहचान और नियति बन चुकी थी। 2017 से पहले माफिया काशी में गरीब, व्यापारी की जमीन पर कब्जा कर भय फैलाते थे, परंतु लेकिन अब काशी नई आभा, नए कलेवर के साथ आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए बढ़ रही है। सीएम ने विपक्ष पर तंज कसा कि मंथरा बुद्धि वालों की दुर्गति किसी से छिपी नहीं है। हर जागरूक नागरिक का दायित्व है कि सच के साथ खड़े हों, सत्य को धरातल पर उतारें और सुरक्षा–संरक्षण की जिम्मेदारी लें। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि को भी जागरूक होना चाहिए। जब जनप्रतिनिधि ही 12 बजे सोकर उठेगा और परिवार को ही समाज व प्रदेश मानने की भूल करेगा तो दुर्गति तय है। जिन लोगों ने समाज, प्रदेश व देश को परिवार माना, वही परिवर्तन ला सकते हैं। काशी में विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी द्वारा 19 जुलाई से 2 अक्टूबर 76 दिवसीय तक चलाए गए वार्ड प्रवास एवं स्वच्छता अभियान को नवनिर्माण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह अवधि बरसात की थी, लेकिन थोड़ी सतर्कता व सफाई रखी जाए तो डेंगू, कालाजार, मलेरिया, इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां नजदीक नहीं आ सकतीं। सीएम ने जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने जो निर्माण कराया है, सभी नागरिक उसकी सुरक्षा व संरक्षण करें, किसी को क्षति न पहुंचाने दें। लोकप्रिय जनप्रतिनिधि वही है, जिसकी हर घर में पहुंच हो। जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। सीएम ने आमजन को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कहा कि हम प्रकृति से ले रहे हैं, लेकिन दे क्या रहे हैं। ऐसे में शुद्ध पर्यावरण के लिए पीएम मोदी का मिशन 'एक पेड़ मां के नाम' सबसे उपयुक्त है। समस्या का समाधान सिर्फ संवाद है। नगर निगम, विकास प्राधिकरण, स्थानीय प्रशासन व शासन के विभिन्न विभाग इस अभियान का हिस्सा बनते हैं। कार्य करने के लिए हर कोई तैयार है, कार्य लेने वाला चाहिए। हर चीज में शिकायती लहजा नहीं होना चाहिए। कार्य कराने की प्रवृत्ति भी होनी चाहिए। ऐसे कार्यक्रम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा हैं।

पीएम मोदी ने लद्दाख को दी 3350 करोड़ की सौगात

नए टर्मिनल का उद्घाटन, पीएम मोदी बोले–नई एनर्जी मिलेगी



जम्मूएजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लद्दाख के युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, नयी प्रौद्योगिकी सीखने के अवसर प्राप्त हों और उन्हें इसके लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। मोदी ने लद्दाख में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और सामरिक सड़क संपर्क से जुड़ी लगभग 3,350 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि जम्मू स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के परिसर स्थापित करने के प्रस्तावों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शैक्षणिक केंद्रों के माध्यम से लद्दाख के युवा उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नए कौशल सीखने के बेहतर अवसरों का लाभ अपने ही क्षेत्र में उठा सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारा विशेष ध्यान लद्दाख की नयी पीढ़ी पर है। युवाओं को अच्छी शिक्षा मिले, नयी प्रौद्योगिकी सीखने का मौका मिले और उन्हें अन्य शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। यही कारण है कि लेह में एक प्रमुख उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि आज लद्दाख की प्रगति और विकास में एक और अध्याय जुड़ रहा है तथा उन्हें इस अवसर का हिस्सा बनने की बेहद खुशी है। मोदी ने कहा, ''आज कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। ये परियोजनाएं लद्दाख के लोगों के लिए सफर आसान बनाएंगी, कुछ इलाकों में बिजली की सुविधाओं में सुधार करेंगी, कुछ में पानी की उपलब्धता बढ़ाएंगी और हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण को मजबूत करेंगी।'' अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं में लेह स्थित कुशोक बकुला रिम्पोची हवाई अड्डे पर 640 करोड़ रुपये की लागत से बना नया यात्री टर्मिनल भवन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 23,800 वर्ग मीटर में फैले इस आधुनिक टर्मिनल को प्रति वर्ष 35 लाख यात्रियों की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए भूतापीय ऊर्जा का उपयोग करते हुए यह टर्मिनल भवन लद्दाख में पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील वातावरण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे के महत्व को दर्शाता है।

एक करोड़ रुपये की घूस मांगने पर एसएफआईओ उपनिदेशक और वकील गिरफ्तार

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने डीएचएफएल ऋण घोटाले से जुड़े मामले में एक नेता–सह–व्यवसायी से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में 'गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय' (एसएफआईओ) में पदस्थ भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक अधिकारी और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने 2017 बैच के आईआरएस अधिकारी हरीश कुमार तंवर, चेन्नई स्थित एसएफआईओ में उपनिदेशक के पद पर तैनात अधिकारी, दिल्ली के अधिवक्ता भरत शर्मा और उनके रिश्तेदार आर्यन शर्मा को गिरफ्तार किया है। इन पर रिश्वत की पेशगी के तौर पर 20 लाख रुपये लेने का आरोप है। जांच एजेंसी के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, तंवर और शर्मा ने शिकायतकर्ता को 34,000 करोड़ रुपये के डीएचएफएल ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में एसएफआईओ की जांच में कथित तौर पर फायदा पहुंचाने के बदले एक करोड़ रुपये की अनुचित मांग की थी। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, ''शिकायत का सत्यापन करने और प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और एसएफआईओ के उपनिदेशक स्तर के एक अधिकारी, दिल्ली के एक अधिवक्ता और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अधिवक्ता ने एसएफआईओ अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से मांगी गई एक करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशगी के रूप में 20 लाख रुपये की अनुचित रकम ली थी।'' बयान के अनुसार, जांच एजेंसी ने तंवर और शर्मा के परिसरों पर छापे मारे तथा मामले से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा, इंडिया ब्लॉक ने चेन्नई में किया प्रदर्शन

चेन्नई,एजेंसी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ टीवीके, उसकी प्रमुख सहयोगी कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने 'लोकतंत्र की हत्या' के लिये मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को चेन्नई में प्रदर्शन शुरू किया। टीवीके, उसकी प्रमुख सहयोगी कांग्रेस और विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) समेत 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन में भाग लिया। वीसीके के संस्थापक थोल थिरुमावलवन ने एसआईआर को द्रमुक की चुनावी हार के लिए जिम्मेदार ठहराया। वह अप्रैल में हुए चुनावों के बाद द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग होकर टीवीके सरकार का समर्थन करने लगे थे। उन्होंने कहा, ''द्रमुक को लक्षित तरीके से मतदाताओं के नाम हटाने और चुनावी हेरफेर की एक सुनियोजित प्रक्रिया के जरिये हराया गया।'' उन्होंने संकेत दिया कि तत्कालीन सत्तारूढ़ दल को चुनाव में नुकसान पहुंचाने के लिए खास लोगों को निशाना बनाया गया था। बृहस्पतिवार को हुए प्रदर्शन का नेतृत्व तमिलनाडु कांग्रेस प्रमुख बी मणिकम टैगोर ने किया। इसमें टीवीके की ओर से स्कूल शिक्षा मंत्री ए राजमोहन ने प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में 'इंडिया' गठबंधन के कार्यकर्ता जुटे। उन्होंने अपनी–अपनी पार्टियों के झंडे लहराए और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सीईसी के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शन में विभिन्न वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत लाखों मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिमों, आदिवासी समूहों और वंचित समुदायों के लोगों के नाम व्यवस्थित तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि अकेले तमिलनाडु में 97 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए हैं।

क्या न्याय मांगना अपराध है ?

अंकिता भंडारी के माता–पिता की हिरासत पर भड़के खरगे



> सत्ता का यह दमन सरकार की ताकत नहीं, बल्कि सवालों से भागने का प्रमाण है। एक बेटी को खो चुके माता-पिता के साथ ऐसा व्यवहार अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। अंकिता बेटी को न्याय दिलवाने के लिए कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी।
> *मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस*

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंकिता भंडारी के माता–पिता की हिरासत को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। खरगे ने इस कार्रवाई को मोदी सरकार की कायरता और असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा करार दिया है। अपने एक्स हैंडल पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्याय की गुहार लगा रहे माता–पिता को हिरासत में ले लिया गया, जबकि भाजपा के एक वीआईपी को राज्यपाल पद से सम्मानित किया गया। सत्ता का यह दमन सरकार की ताकत नहीं, बल्कि सवालों से भागने का प्रमाण है। एक बेटी को खो चुके माता–पिता के साथ ऐसा व्यवहार अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने आगे कहा , बेटी को खो चुके माता–पिता के साथ ऐसा व्यवहार बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी बेटी अंकिता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। बता दें कि अंकिता भंडारी के माता–पिता को गुरुवार तड़के इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसके बाद तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन से रिहा कर दिया गया। अंकिता के माता–पिता की मांग है कि सिक्किम के राज्यपाल के रूप में गौतम की नियुक्ति को तब तक रोक दिया जाए, जब तक कि इस मामले में चल रही सीबीआई जांच पूरी न हो जाए। इसी बीच, कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा, ज्योतिमणि और इमरान प्रतापगढ़ी ने हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस स्टेशन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनाते और काजी निजामुद्दीन ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि अधिकारी अंकिता भंडारी के लिए न्याय की मांग करने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने सिक्किम के राज्यपाल के रूप में दुष्यंत गौतम की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया।

राजकोट में रिफाइनरी कर्मी की हत्या कर 1.53 करोड़ की लूट, नौ आरोपी गिरफ्तार

राजकोट,एजेंसी। गुजरात के राजकोट शहर में कीमती धातुओं की रिफाइनरी के एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या करने और करीब 1.53 करोड़ रुपये मूल्य का सोना–चांदी लूटने के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राजकोट जोन–एक की पुलिस उपायुक्त हेतल पटेल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी राज्य के बाहर के रहने वाले हैं और लूटी गई संपत्ति बरामद कर ली गई है। उन्होंने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि थोराला थाना क्षेत्र में स्थित सोना–चांदी रिफाइनरी 'तन्वी एक्सपोर्ट्स इंडिया लिमिटेड' के कर्मचारी लालजीभाई सरधारा (53) पर बुधवार शाम चार अज्ञात लोगों ने हमला किया था। प्राथमिकी के अनुसार, सरधारा रिफाइनरी से 946 ग्राम वजन की सोने की छड़ें और दो किलोग्राम परिष्कृत चांदी के पाउडर से भरा बैग लेकर निकले थे।

धर्म बदलने पर नहीं मिलेगा आरक्षण

तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट का झटका, जानिए क्या है पूरा मामला?

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को बड़ा झटका देते हुए मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें इस्लाम अपनाने वाले व्यक्ति को पुराने सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर पिछड़ा वर्ग आरक्षण का लाभ देने से इनकार किया गया था। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की बेंच ने साफ कहा कि



> जो व्यक्ति हिंदू सामाजिक व्यवस्था से किसी गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में चला जाता है, वह केवल धर्म परिवर्तन से पहले की अपनी सामाजिक स्थिति (पिछड़ेपन) के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत मिलने वाले विशेष लाभों (अफर्मेटिव एक्शन) का दावा नहीं कर सकता।
> *सुप्रीम कोर्ट*

हिंदू सामाजिक व्यवस्था से किसी दूसरे धर्म में जाने के बाद व्यक्ति को पुरानी सामाजिक स्थिति के आधार पर आरक्षण का लाभ अपने आप नहीं मिल सकता। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन बेंच ने उसकी अपील खारिज कर दी। तमिलनाडु सरकार ने 9 मार्च 2024 को एक सरकारी आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त समुदायों या अनुसूचित जाति से आने वाला कोई व्यक्ति इस्लाम अपनाने के बाद भी कुछ शर्तों के तहत पिछड़ा वर्ग मुस्लिम माना जा सकता है।

भारत को घुसपैठिया मुक्त बनाने के लिए अमित शाह का एक्शन तेज, घुसपैठियों के बारे में सूचना देने के लिए पोर्टल शुरू

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्र की मोदी सरकार देश से घुसपैठियों को चुन–चुनकर बाहर करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। अब इस



मुहिम में आम नागरिक भी सरकार की मदद कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसके लिए विशेष पोर्टल शुरू किया है, जहां अवैध घुसपैठ और संदिग्ध बसावट से जुड़ी जानकारी साझा की जा सकती है। यानी अगर आपके आसपास किसी व्यक्ति के अवैध रूप से भारत में रहने की विश्वसनीय जानकारी है, तो आप सरकार को इसकी सूचना दे सकते हैं। मोदी सरकार की इस पहल का मकसद घुसपैठियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की प्रक्रिया को मजबूत करना है।

राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी: कहा-

आतंकी हमला हुआ तो पहले से कड़ा जवाब देगा भारत



नई दिल्ली,एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से होने वाली किसी भी अगली आतंकी घटना का जवाब पहले से भी अधिक कड़ा होगा। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा संवाद, सह–अस्तित्व और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करती है, लेकिन शांति की प्रतिबद्धता को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। नई दिल्ली में टाइम्स नेटवर्क डिफेंस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक केवल सैन्य अभियान नहीं थे। ये आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में निर्णायक बदलाव के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल कूटनीतिक विरोध जताने तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवाद के स्रोत तक पहुंचकर उसे खत्म करने के लिए सक्रिय कदम उठाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से ज्यादातर आतंकियों की सक्रियता की अवधि घटकर एक साल से भी कम रह गई है। उनके मुताबिक, भारत के खिलाफ हथियार उठाने के एक साल के भीतर सुरक्षा बल ऐसे आतंकियों को मार गिरा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए ताकत और क्षमता जरूरी हैं। भारत शांति चाहता है, लेकिन देश की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर युद्ध का सामना करने को भी तैयार है। उन्होंने कहा, ष्शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, लेकिन हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारा लक्ष्य ऐसा भारत बनाना है, जो शांति की वकालत करे, लेकिन सुरक्षा के मामले में सतर्क रहे और अपनी संप्रभुता, अखंडता तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हो। बदलते सुरक्षा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने हाइब्रिड, हाईटेक और अत्यधिक तीव्र युद्ध के दौर में सतर्कता और तैयारी बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षा चुनौतियों के बढ़ते जटिल स्वरूप पर भी चर्चा की। उन्होंने सुरक्षा के लिए पांच तरह के खतरों का जिक्र किया। इनमें गलत सूचना फैलाना, अस्थिरता पैदा करना, कामकाज में बाधा डालना, धोखा देना और विनाश करना शामिल हैं। उन्होंने इन्हें अंग्रेजी में डिसइन्फॉर्मेशन, डेस्टेबिलाइजेशन, डिसरप्शन, डिसेप्शन और डिस्ट्रक्शन के रूप में बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद अब केवल संगठित समूहों तक सीमित नहीं है।

संपादकीय

नशा विरोधी की हत्या

पंजाब के मानसा में नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने वाले एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह की हत्या बताती है कि इस जहरीले कारोबार के खिलाफ लड़ाई कितनी मुश्किल है। यह भी कि नशे के खिलाफ मुखर होने वाले जिम्मेदार नागरिकों की सुरक्षा को लेकर शासन–प्रशासन को गंभीर होना होगा। नशे की लत लगाने वाली टैबलेट बेचने वाले कैमिस्ट के साथ बहस के बाद सरेआम यह हत्या की गई। जिससे नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के दुस्साहस का पता चलता है। घटना बताती है कि इस बुराई के खिलाफ काम करने वाले लोगों को सुरक्षा देने में हमारा तंत्र नाकाम हुआ है। पंजाब के ग्रामीण इलाकों में नशे के खिलाफ काम करने वाले गांव के वॉलंटियर्स की हत्याएं पहले भी होती रही हैं। जिससे पता चलता है कि यह खतरा नया नहीं है। इस घटना से जुड़ी परेशान करने वाली बात यह भी है कि हमलावर व मृतक के बीच रंजिश का पुराना इतिहास रहा है। बताते हैं कि वर्ष 2023 में भी एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह ने कैमिस्ट अश्वनी कुमार के खिलाफ प्रतिबंधित कैप्सूल बेचने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवायी थी। तब पुलिस ने दुकान के मालिक के खिलाफ मामला तो दर्ज किया था, लेकिन परविंदर सिंह पर भी कानून अपने हाथ में लेने का आरोप लगाया था। दरअसल, आरोप था कि उसने कैमिस्ट को गले में जूते पहनाकर बाजार में घुमाया था। अब तीन साल बाद, उसी दुकान पर हुई एक और झड़प में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह की मौत हो गई। गोलीबारी की इस घटना में परमिंदर के चार साथी भी घायल हुए हैं। कुछ लोगों का मानना था कि एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह को खुद सीधी कार्रवाई करने के बजाय पुलिस को जानकारी देनी चाहिए थी। अन्यथा पुलिस की मौजूदगी में कोई कदम उठाना चाहिए था। यहां सवाल यह भी है कि क्या पुलिस अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर रही थी? आखिर एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह को खुद इसके खिलाफ क्यों खड़ा होना पड़ा? उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2023 में, फरीदकोट में हरभगवान सिंह और बठिंडा में जसवीर सिंह, जैसे नशे के खिलाफ काम करने वाले वॉलंटियर्स की भी हत्या कर दी गई थी। तब भी आरोप लगे थे कि ये हत्याएं नशे के कारोबार का विरोध करने के कारण हुई थीं। निस्संदेह, इस बुराई के खिलाफ लड़ने वाले नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के मामले में बारीकी से जांच करने की जरूरत है। मानसा की घटना की तह तक जाकर पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर गोलीबारी की घटना क्यों हुई? क्या पहले भी ऐसी धमकियां दी गई थीं? साथ ही पुलिस को यह भी बताना चाहिए कि पिछली शिकायत पर क्या कोई ठोस कार्रवाई हुई थी? क्या प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री के मामले मे संबंधित विभागों व पुलिस द्वारा ठीक से जांच की गई थी? क्या ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने दुकान में प्रतिबंधित दवाओं की मौजूदगी की पड़ताल की थी? वक्त की जरूरत है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की वरिष्ठ पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक का नतीजा ठोस कार्रवाई के रूप में निकलना चाहिए। अब पहले की तरह सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलने वाला। वास्तव में समय रहते गैर–कानूनी दवा बिक्री की शिकायतों की जांच होनी चाहिए। इस बाबत प्रिस्क्रिप्शन और स्टॉक रिकॉर्ड की भी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सही मायने में पंजाब के नशा विरोधी अभियान को सिर्फ गिरफ्तारियों और नशीले पदार्थों की जब्ती के आधार पर नहीं आंका जा सकता है। इसे इस आधार पर परखा जाना चाहिए कि क्या वास्तव में नशीले पदार्थों को हासिल करना कठिन हुआ है? क्या नशे के खिलाफ सहयोग करने वाले लोग बिना भयभीत हुए संदिग्ध अपराधियों की सूचना शासन–प्रशासन को दे सकते हैं। इस घटनाक्रम के बाद अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। पंजाब नशे के जिस संकट से गुजर रहा है, सभी राजनीतिक दलों का दायित्व है कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर बदलावकारी लड़ाई के लिये सहयोग करें।

सवाल जंतर-मंतर का नहीं है

डॉ. दीपक पाचपोर

दिल्ली में संसद और अन्य सरकारी दफ्तरों से कुछ ही दूरी पर बना जंतर–मंतर दो दशक से अधिक समय तक राजनीतिक विरोध, जन आंदोलनों और नागरिक प्रतिरोध का प्रमुख केंद्र रहा है।

लोकतंत्र में जनता की नाराजगी की अभिव्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण स्थल बन चुके जंतर–मंतर पर अब मोदी सरकार की वक्र दृष्टि पड़ चुकी है। दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के 11 अक्टूबर, 2026 के आदेश के तहत जंतर–मंतर रोड को तय प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया गया। यानी पिछले दो–ढाई दशकों से कई अहम आंदोलनों का गवाह बन चुके जंतर–मंतर पर अब सरकार ने सभी तरह के विरोध–प्रदर्शन से रोक लगा दी है। दिल्ली में संसद और अन्य सरकारी दफ्तरों से कुछ ही दूरी पर बना जंतर–मंतर दो दशक से अधिक समय तक राजनीतिक विरोध, जन आंदोलनों और नागरिक प्रतिरोध का प्रमुख केंद्र रहा है। पाठक जानते हैं कि पिछले 20–25 सालों में राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों, ट्रेड यूनियनों, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इसी जंतर–मंतर से अपनी मांगें उठाईं और सरकारों को कई बार झुकने पर मजबूर कर दिया। लेकिन अब सरकार ने जंतर–मंतर की जगह रामलीला मैदान, पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में सीबीडी ग्राउंड और उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी ग्राउंड को विरोध–प्रदर्शन स्थल के तौर पर चिन्हित किया है। दिल्ली में इस समय ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे प्रदर्शनों के बीच इस फैसले के आने पर विपक्ष कई सवाल उठा रहा है। वैसे सरकार का कहना है कि इस फैसले का ज्ञानेश कुमार विरोधी आंदोलन से कोई लेना–देना नहीं है। दिल्ली पुलिस का तर्क है कि जंतर–मंतर पर बार–बार होने वाले प्रदर्शनों से मध्य दिल्ली में यातायात, कारोबार और सामान्य गतिविधियां प्रभावित होती हैं। पूर्व आईपीएस और अब भाजपा नेता किरण बेदी का भी कहना है कि जंतर–मंतर विरोध–प्रदर्शन के लिए सही जगह नहीं है क्योंकि वहां के रास्ते संकरे हैं और आसपास कई संवेदनशील इमारतें व दफ्तर स्थित हैं। ऐसे लोगों की बात सुनने से समझ आता है कि भाजपा जनता के विरोध से अब कितना डर चुकी है कि प्रदर्शन के पर्याय बन चुके जंतर–मंतर पर ही लोगों को इकठ्ठा होने से रोक रही है। किरण बेदी ने बतौर पुलिस अधिकारी या उससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता या उससे भी पहले अन्ना आंदोलन में हिस्सेदारी के वक्त तो इस बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन अब भाजपा में जाने पर उनके विचार बदल गए हैं। वैसे विपक्ष का आरोप है कि जंतर–मंतर को हटाने से नागरिकों के लिए सरकार के सामने अपनी मांगें रखने और राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण मंच कमजोर होगा। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार उन जगहों से लोगों को दूर रखना चाहती है, जहां सत्ता में बैठे लोगों तक जनता के गुस्से की आवाज सीधे पहुंच सकती है। वहीं आम आदमी पार्टी के सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह नयी पीढ़ी के विरोध प्रदर्शनों से घबराए हुए हैं। इधर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने तो तंज कसते हुए इसे मोदी और शाह के लिए श्डेमोकुर्सीश का मामला बताया है और कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने कहा कि प्रदर्शन स्थल बदलने से असहमति की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की कि कल प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र को ही प्रदर्शन स्थल की सूची से बाहर कर सकते हैं, क्योंकि समस्या प्रदर्शन की जगह नहीं, बल्कि लोगों के विरोध करने के विचार से है। विपक्ष के इन आरोपों को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि पहले जुलाई में धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर हुए जेन जी आंदोलन ने जंतर–मंतर पर ही अपना दम दिखाया और सरकार को झुकने पर मजबूर किया। अब भी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर चल रहे प्रदर्शन में भी आंदोलनकारियों को लगातार जंतर–मंतर पहुंचने से रोकने की कोशिश भाजपा करती रही। मोदी अच्छे से समझ चुके हैं कि जब उनकी सत्ता से नाराज लोग एक साथ जंतर–मंतर पहुंचते हैं तो उनकी सरकार के लिए खतरा बढ़ सकता है। इसलिए विपक्ष का यह कहना सही है कि इस फैसले को केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विरोध के लिए उपलब्ध स्थान और अवसर से जुड़े मुद्दे के तौर पर देखा जाना चाहिए। रहा सवाल रामलीला मैदान या सीबीडी और बुराड़ी के मैदानों का, तो इनमें व्यावहारिक कठिनाइयां देखी जा रही हैं। रामलीला मैदान अक्टूबर से दिसंबर तक त्योहारों के मौसम में सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों के कारण उपलब्ध नहीं होता है। इसी तरह सीबीडी और बुराड़ी के मैदानों में भी व्यावहारिक दिक्कतें हैं। दिल्ली के लोग तो इन जगहों से वाकिफ हैं, लेकिन दिल्ली से बाहर के लोग प्रदर्शन स्थल के तौर पर जंतर–मंतर को ही पहचानते हैं। मुमकिन है कि वक्त के साथ इन जगहों की पहचान भी अच्छे से हो जाए, लेकिन तब तक शायद मोदी सरकार खुद को प्रदर्शनों से महफूज मान सकती है। हालांकि मोदी और शाह भूल रहे हैं कि लोकतंत्र में प्रदर्शनों का महत्व, प्रदर्शन स्थलों से कहीं ज्यादा है। 2020 से 21 तक चले किसान आंदोलन में तो हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे, उन लोगों को जंतर–मंतर तक आने की जरूरत नहीं पड़ी और सरकार को फिर भी झुकना पड़ा। इसी तरह शाहीन बाग में भी महिलाएं सीएए के खिलाफ बैठ गईं, उन्हें भी जंतर–मंतर नहीं आना पड़ा। वैसे जंतर–मंतर से पहले इंडिया गेट और विजय चौक के निकट बोट क्लब के लॉन आजादी के बाद कई दशकों तक बड़े राजनीतिक और जन प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र रहे। अक्टूबर 1988 में किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में हजारों किसान बोट क्लब पर ही जुटे थे। किसान अपने मवेशियों के साथ कई दिनों तक वहां डटे रहे और तत्कालीन राजीव गांधी सरकार पर अपनी मांगें मानने का दबाव बनाया था।

ज्ञान के समुद्र को सूखने मत दीजिए

अरुण कुमार डनायक

1911 में सम्राट जॉर्ज पंचम द्वारा ब्रिटिश भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा के साथ 1891 में स्थापित इम्पीरियल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी भी दिल्ली लाई गई। पहले इसे सिविल लाइंस स्थित ओल्ड सेक्रेटेरिएट भवन, फिर नॉर्थ ब्लॉक और अंततरू 1969 में शास्त्री भवन में स्थान मिला। केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय यानी सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी के नाम से पहचानी जाने वाली लगभग 135 वर्ष पुरानी यह संस्था आज फिर विस्थापन के संकट में है। सवाल केवल 8.5 लाख से अधिक पुस्तकों को रखने की जगह का नहीं, बल्कि इस ज्ञान–संग्रह के संरक्षण और भावी पीढ़ियों तक इसकी पहुंच के प्रति हमारे सरोकार का भी है। इसी प्रश्न को तुलसी सदन पुस्तकालय की कहानी और व्यापक बनाती है। रामचरितमानस के 400 वर्ष पूरे होने पर 1972 में स्थापित इस पुस्तकालय में 14 भारतीय भाषाओं की पुस्तकें थीं। दिल्ली मेट्रो निर्माण के कारण 2011 में इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया, लेकिन डेढ़ दशक बीतने को है और दो लाख से अधिक पुस्तकें अब भी डिब्बों में बंद हैं, पाठकों और शोधकर्ताओं की पहुंच से दूर। एक ओर केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय पर्याप्त स्थान की तलाश में है, दूसरी ओर तुलसी सदन की दो लाख से अधिक पुस्तकें वर्षों से पाठकों की पहुंच से दूर हैं। दोनों स्थितियां अलग होते हुए भी एक ही सवाल उठाती हैंकृक्या हमारी विकास–यात्रा में ज्ञान की विरासत के लिए पर्याप्त जगह बची है? पुस्तकालय आखिर होते क्या हैं? क्या वे केवल अलमारियों में रखी पुस्तकों का समूह हैं? नहीं। वे किसी सभ्यता की स्मृति होते हैं। किसी समाज ने क्या सोचा, किन प्रश्नों से जूझा और विज्ञान, दर्शन, धर्म, साहित्य, चिकित्सा तथा शासन के बारे में क्या समझ विकसित कीकृइन सबका प्रमाण पुस्तकों और अभिलेखों में मिलता है। इसलिए किसी पुस्तक का नष्ट होना केवल एक वस्तु का नष्ट होना नहीं हैय उसके साथ अतीत को समझने का एक रास्ता भी बंद हो जाता है। नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के विनाश की ऐतिहासिक स्मृति हमें चेताती है कि ज्ञान की धरोहर का नष्ट होना केवल पुस्तकों का नष्ट होना नहीं, बल्कि सभ्यता की स्मृति को क्षति पहुंचाना भी है। इतिहास के ऐसे प्रसंगों से सबक लेते हुए हमें समझना होगा कि पुस्तकालयों का संरक्षण केवल अतीत को सहेजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान और विचारों के रास्ते खुले रखना भी है। केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय की स्थिति इसी कारण चिंताजनक है। शास्त्री भवन में लगभग 5,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में चार मंजिलों पर फैले इस पुस्तकालय में दुर्लभ पुस्तकें, पुराने दस्तावेज, सरकारी रिकॉर्ड और राजपत्र हैं। इसके दुर्लभ पुस्तक अनुभाग की सबसे पुरानी पुस्तक एक फ्रांसीसी यात्री के लेखों का संकलन है, जो 1702 का बताया जाता है। भारत सरकार के प्रकाशनों के महत्वपूर्ण भंडार के रूप में काम करने वाले इस पुस्तकालय का उपयोग सरकारी अधिकारियों, शोधार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों द्वारा भी किया जाता है। इतने समृद्ध ऐतिहासिक संग्रह को केवल स्थानांतरण की प्रशासनिक समस्या मानना उसकी वास्तविक महत्ता को कम करके आंकना होगा। केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय के लिए पर्याप्त जगह की आवश्यकता केवल पुस्तकों को रखने के लिए नहीं है। संग्रह के संरक्षण, पाठकों और शोधकर्ताओं की सुविधा तथा पुस्तकालय की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भी उपयुक्त स्थान चाहिए। अब इस मामले ने सर्वोच्च न्यायालय का भी ध्यान खींचा है। न्यायालय ने 135 वर्ष पुराने पुस्तकालय के पुनर्वास का स्वतरू संज्ञान लिया। कर्तव्य भवन–02 के भूतल पर दो कमरों का प्रस्ताव संपदा निदेशालय ने जनवरी में दिया था, जिसे संस्कृति मंत्रालय ने अपर्याप्त बताया था। अब आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कर्तव्य पथ पुनर्विकास योजना में पुस्तकालय के लिए स्थान निर्धारित किए जाने और निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी है। अंतिम कसौटी यही होगी कि यह स्थान पुस्तकालय के संग्रह, संरक्षण और पाठक सुविधा की जरूरतें पूरी करता है या नहीं। पुस्तकालय का जीवन उसके पाठकों से है। दुर्लभ पुस्तकें यदि गोदामों में बंद रहें और शोधकर्ता उन तक न पहुंच सकें तो संरक्षण अधूरा है। केवल डिजिटलीकरण भी इसका विकल्प नहीं, क्योंकि मूल पुस्तक की भौतिक विशेषताएं और ऐतिहासिक संकेत डिजिटल प्रति में पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहते। इसलिए प्रशिक्षित अभिलेखपाल, वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और सबसे बढ़कर पाठकों–शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंचकृ इन सभी को समान महत्व देना होगा। ज्ञान को सुरक्षित रखकर भी यदि उसे लोगों तक पहुंचने से रोक दिया जाए तो वह जीवित परंपरा नहीं रह जाता। यहां प्रश्न केवल विकास बनाम विरासत का नहीं है। असली प्रश्न यह है कि विकास की परिभाषा में ज्ञान और स्मृति के लिए कितनी जगह है। क्या आधुनिक भवनों के साथ हमारे पुराने ज्ञान–भंडार भी सुरक्षित रहेंगे, या पुस्तकालय विकास की दौड़ में पीछे छूट जाएंगे? और इससे भी बड़ा प्रश्न हैकृक्या हम उस ज्ञान–समुद्र को सूखने दे रहे हैं, जिससे समाज की ज्ञान–धारा निकलती है? किसी समाज की शक्ति उसके आधुनिक भवनों और डिजिटल साधनों के साथ–साथ इस बात से भी तय होती है कि वह अपने ज्ञान–संग्रह को कितना सुरक्षित रखता है। पुस्तकालयों का महत्व इसलिए लोकतंत्र के बुनियादी चरित्र से जुड़ा है। वे पाठकों को विविध विचारों, इतिहास की अलग–अलग व्याख्याओं और परस्पर विरोधी मतों से परिचित कराते हैं। इससे समाज किसी एक आख्यान या सत्ता–केंद्रित दृष्टि पर निर्भर रहने के बजाय प्रश्न करने, विचारों की तुलना करने और अपने निष्कर्ष स्वयं बनाने की क्षमता विकसित करता है। भारत के सामने आज अवसर है कि वह अपनी पुस्तकालय नीति को केवल भवन, बजट और पुस्तकों की संख्या तक सीमित न रखे। लखनऊ का मुंशी नवल किशोर प्रेस, रामपुर रजा पुस्तकालय, तुलसी सदन, केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय और नगर निगम स्तर के पुस्तकालय हमारी ज्ञान–धरोहर की विविध परतों को सुरक्षित रखते हैं। इन्हें भी उतनी ही गंभीरता से संरक्षित किया जाना चाहिए, जितनी गंभीरता से हम अपने स्थापत्य स्मारकों की रक्षा करते हैं। आवश्यकता केवल केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय को पर्याप्त जगह देने या तुलसी सदन की पेटियां खोलने की नहीं, बल्कि ऐसी संस्कृति विकसित करने की है जिसमें पुस्तकालय खर्च नहीं, ज्ञान में निवेश होंय दुर्लभ पुस्तकें पुराना कागज नहीं, सामूहिक स्मृति होंय और पाठक ज्ञान–संपदा का स्वाभाविक अधिकारी हो।

भारत को पुस्तकालयों के संरक्षण के लिए समर्पित निधि, आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की व्यवस्था करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी से भी इस प्रयास को बल मिल सकता है। लेकिन इन सबका उद्देश्य केवल पुस्तकों को बचाना नहीं, उन्हें पाठकों और शोधकर्ताओं तक पहुंचाना होना चाहिए। हमें तय करना होगा कि हम अगली पीढ़ी को कैसी विरासत देना चाहते हैंकृबड़े–बड़े भवनों का देश या समृद्ध ज्ञान–संग्रहों वाला देश? ऐसा समाज जो केवल सत्ता की उपलब्धियों को याद रखे, या ऐसा जो अपनी उपलब्धियों, असफलताओं, संघर्षों और विचारोंकृसबको पढ़ सके?

(लेखक एवं समाजसेवी)

न्यायालय का कड़ा कदम और विपक्ष का दबाव हो सकते हैं इस्तीफे का कारण

नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात को लेकर बड़ी उलझन में हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की विपक्ष की मांग से कैसे निपटा जाए। मौजूदा हालात अस्थिर हैं और मामला सीईसी को हटाने की मांग से आगे बढ़कर गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे तक भी जा सकता है, जो दिल्ली में अघोषित लॉकडाउन लगाने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को दबाने के फैघ्सलों के पीछे मुख्य व्यक्ति रहे हैं। आइए सबसे पहले चुनाव आयोग की बात करते हैं। सीईसी ज्ञानेश कुमार 26 जनवरी, 2029 को रिटायर करने वाले हैं, जो अप्रैलध्मई 2029 में होने वाले अगले लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरू होने से ठीक दो महीने पहले का समय है। मौजूदा दो चुनाव आयुक्तों में से सबसे वरीय डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 जुलाई, 2028 को रिटायर होंगे। दूसरे, डॉ. विवेक जोशी, 18 फरवरी, 2031 को रिटायर होंगे। इसलिए, अप्रैलध्मई 2029 में अगले लोकसभा चुनावों के समय, मौजूदा तीन सदस्यीय ईसी में से केवल डॉ. विवेक जोशी ही बचे रहेंगे। सरकार को जुलाई 2028 के बाद एक नया चुनाव आयुक्त नियुक्त करना होगा। मौजूदा नियमों के अनुसार, वर्तमान सीईसी को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए किसी भी काम के लिए कघनून का संरक्षण प्राप्त है। सरकार उन्हें बर्खास्त नहीं कर सकती। संसद द्वारा उन पर महाभियोग चलाया जा सकता है, लेकिन भाजपा और उसके सहयोगियों के पास भारी बहुमत होने के कारण अभी यह व्यावहारिक नहीं है। विपक्ष शायद दूसरी बार महाभियोग की कोशिश न करे। मोदी सरकार के पास उनके कार्यकाल के पूरा होने से पहले उनसे छुटकारा पाने का एकमात्र तरीका यही है कि उनसे खुद इस्तीफा देने के लिए कहा जाए। ज्ञानेश कुमार को मोदी–भक्त माना जाता है। केरल सरकार में सचिव रहते हुए उन्होंने मोदी और भाजपा के लिए काम किया है। अगर हालात की मांग हुई तो वह प्रधानमंत्री की बात मान सकते हैं। ज्ञानेश कुमार, जिन्हें श्टास्क मास्टरश्य माना जाता है, भाजपा में शामिल हो सकते हैं और मंत्री भी बन सकते हैं। लेकिन यह इस्तीफा दो बातों पर निर्भर करता है। पहली बात, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग और उसके तीनों सदस्यों को नोटिस भेजकर पूछा है कि क्या फैघ्सले सर्वसम्मति से लिए गए थे। अगर फैघ्सले सर्वसम्मति से नहीं लिए गए थे, तो सर्वोच्च न्यायालय उन्हें रद्द कर सकता है। अब सवाल यह है कि श्इंडियन एक्सप्रेसश्य की खबर की सच्चाई जानने के लिए सर्वोच्च न्यायालय दोनों चुनाव आयुक्तों से आमने–सामने बात करने में कितना आगे जाएगा। अगर सर्वोच्च न्यायालय सिर्फ चुनाव आयोग के आधिकारिक जवाब को मान लेता है, तो इसका कोई खास मतलब नहीं होगा, क्योंकि सीईसी बाकी दोनों पर दबाव डालकर संयुक्त बयान जारी करवा सकते हैं कि सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे। इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय को बदले हुए श्फॉर्म 6श्य के मामले पर भी सख्ती से कार्रवाई करनी होगी, जिसे अदालत ने मंजूरी नहीं दी थी, जबकि सीईसी ने दावा किया था कि उन्हें अदालत की मंजूरी मिल गई थी। सर्वोच्च न्यायालय निश्चित रूप से सीईसी पर झूठ बोलने और अदालत के विचारों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा सकता है। सवाल यह है कि क्या सर्वोच्च न्यायालय कानूनों का पालन करने में नैतिक और चारित्रिक विफलता के लिए ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कड़ी टिप्पणी करेगा। सर्वोच्च न्यायालय को सीईसी को हटाने का आदेश देने का अधिकार नहीं है, लेकिन न्यायालय निश्चित रूप से सीईसी पर अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने में घोर विफलता का आरोप लगा सकता है। तब इसका मतलब होगा कि नैतिक रूप से, ज्ञानेश कुमार सीईसी बने रहने का अपना अधिकार खो देंगे। मौजूदा सीईसी के खिलाफ एक और बात है। केरल विधानसभा ने ज्ञानेश कुमार को सीईसी पद से हटाने के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। देश में किसी विधानसभा का यह पहला ऐसा कदम है। साथ ही, केरल सरकार ने ज्ञानेश कुमार से जुड़ा एक पुराना मामला फिर से खोल दिया है, जिसमें उन पर केरल सरकार के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। अगर इस मामले में आगे कार्रवाई होती है और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ फैसला आता है, तो उसे लागू किया जा सकता है क्योंकि यह मामला सीईसी को उनके मौजूदा कार्यकाल के दौरान मिलने वाली सुरक्षा के दायरे से बाहर है। अब सवाल यह उठता है कि प्रधानमंत्री सीईसी को बचाने का जोखिम क्यों उठा रहे हैं, जबकि उन्हें कानूनी स्तर पर इसके नतीजों का पता है। साथ ही, सीईसी ज्ञानेश कुमार के तहत चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों और सीईसी को हटाने की मांग पर छात्रों, बुद्धिजीवियों और सिविल सोसायटी के लोगों की भारी प्रतिक्रिया से विपक्ष को जो फायदा मिल रहा है, उसे भी वे जानते हैं। वजह साफ है, नरेंद्र मोदी और अमित शाह को ईसी में अपनी तरफ से काम करने और आने वाले चुनावों (जो 2029 के मध्य में आम चुनावों के साथ खत्म होंगे) में राज्यों में भाजपा को जिताने में मदद के लिए ज्ञानेश कुमार की जरूरत है। हालांकि ज्ञानेश कुमार 26 जनवरी 2029 को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उम्मीद है कि वे चुनाव आयोग के कामकाज को इस तरह से ढाल देंगे कि नये सीईसी, जो पद संभालेंगे, चाहकर भी उस स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री फिर डॉ. विवेक जोशी को सीईसी के तौर पर प्रोन्नत कर सकते हैं या ज्ञानेश कुमार के रिटायर होने के बाद किसी नए भरोसेमंद नौकरशाह को नया सीईसी नियुक्त किया जा सकता है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लिए, तुरंत प्राथमिकता मार्च 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हैं। भाजपा उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव हारने का जोखिम नहीं उठा सकती, जैसा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में हुआ था, जब पार्टी को सिर्फ 33 सीटें मिली थीं जबकि इंडिया ब्लॉक को 43 सीटें मिली थीं। अगर सीईसी के कहने पर कुछ चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव अधिकारी थोड़ी भी मदद कर दें, तो उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनावी तौर पर बड़ा फायदा हो सकता है, जिसकी उसे सख्त जरूरत है।

बिशप जॉनसन कॉलेज की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रेड और ग्रीन हाउस का दबदबा

बालिका वर्ग में रेड हाउस और बालक वर्ग में ग्रीन हाउस बना चैंपियन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 15 अक्टूबर। बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज, प्रयागराज में आयोजित इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता–2026 के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में रेड हाउस ने ग्रीन हाउस को 9–7 से हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि बालक वर्ग में ग्रीन हाउस ने रेड हाउस को 23–4 से पराजित कर चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

बालिका वर्ग में रेड हाउस की जीत

बालिका वर्ग के फाइनल में रेड हाउस की खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबले में ग्रीन हाउस को 9–7 से शिकस्त दी। रेड हाउस की अलीजा तौसीफ ने सर्वाधिक 5 अंक बनाए, जबकि अशिका यादव और अनुष्का गोयल ने 2–2 अंक हासिल किए। ग्रीन हाउस की ओर से ओजस्विनी ने 5 और तनीशा ने 2 अंक बनाए।

बालक वर्ग में ग्रीन हाउस का शानदार प्रदर्शन

बालक वर्ग के फाइनल में ग्रीन हाउस ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और रेड हाउस को 23–4 से हराया। ग्रीन हाउस के वित्रांश ने 12 अंक बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुधांशु ने 7, जबकि उमंग और आदित्य ने 2–2 अंक अर्जित किए। रेड हाउस की ओर से उत्कर्ष यादव और कार्तिकेय ने 2–2 अंक बनाए।



पूर्व छात्र ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

प्रतियोगिता में विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. उत्तम सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वह तेज बहादुर सप्रू अस्पताल, प्रयागराज के ब्लड बैंक में इंचार्ज एवं कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया।

शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों का रहा सहयोग

प्रतियोगिता का आयोजन पुनीत श्रीवास्तव ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन वी.पी. दत्त ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के हाउस मास्टर, मिस्ट्रेस और खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

खेल प्रशिक्षकों में पुनीत श्रीवास्तव, विजय भारद्वाज, समित चतुर्वेदी और जी. लूथर ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मोहम्मद सैफ, शिवम सोनकर, कौशलेन्द्र सिंह और राघवंश ने निभाई। इस अवसर पर रेड हाउस के मास्टर कृतार्थ ग्लैडविन और मिस्ट्रेस ओ. फिलिप तथा ग्रीन हाउस के मास्टर अनुज मिश्रा, डॉ. जैस्मिन बर्नबास और मृदुला भटनागर उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के खेल प्रशिक्षकों और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शताब्दी वर्ष में बाई का बाग दुर्गा पूजा की भव्य शुरुआत, लेजर शो बना आकर्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी अपने शताब्दी वर्ष में आस्था, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता के 100 वर्षों का उत्सव मना रही है। भव्य आयोजन का शुभारंभ शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों और कमेटी के सदस्यों ने स्मारिका का विमोचन भी किया। शताब्दी वर्ष के अवसर पर पंडाल को केरल के प्रसिद्ध



पद्मनाभस्वामी मंदिर की थीम पर सजाया गया है। इसमें शेषनाग पर शयन मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु और मंदिर के खजाने से जुड़ी मान्यताओं को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। आयोजन का प्रमुख आकर्षण 45 मिनट का लेजर शो रहा। इसमें प्रयागराज के गंगा–यमुना–सरस्वती संगम, ऐतिहासिक कुंभ, देश के वीर जवानों, मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध, शिव तांडव और भगवान कृष्ण की लीलाओं को ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से दर्शाया गया। आयोजकों के अनुसार, दुर्गा पूजा परिसर में इस तरह का लेजर शो पहली बार आयोजित किया गया। प्रस्तुति देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। पूजा संयोजक एवं मीडिया प्रभारी लालू मित्तल ने बताया कि शताब्दी वर्ष का आयोजन केवल भव्य पंडाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आस्था, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत की सौ वर्षों की यात्रा का उत्सव है। शुभारंभ समारोह में अध्यक्ष जयन्त श्रीधर जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष राजू द्विवेदी, टीपी मिश्रा, राजेश मलिक, सुब्रतो घोष, सचिव रत्नेश पांडेय, पवन शुक्ला, सुनील शुक्ला, चिक्की जैन, आभा द्विवेदी, पार्षद किरण जायसवाल, टिंकू कोहली, गोपाल मित्तल, अंकित सिंह, प्रवीण जैन और सचिन रावत सहित कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र द्विवेदी ने किया।

हमीदिया गर्ल्स कॉलेज में प्रो. चंद्रा पंत स्मृति व्याख्यान आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मध्यकालीन इतिहास विभाग के तत्वावधान में प्रो. चंद्रा पंत स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। बेगम खुर्शीद ख्वाजा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मध्यकालीन भारत में महिलाओं की स्थिति और यात्रा–पर्यटन के ऐतिहासिक महत्व पर विद्वानों ने विचार रखे।



प्राचार्या नासेहा ने महाविद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए स्मृति व्याख्यानों की प्रासंगिकता बताई। संयोजिका डॉ. नुजहत फातिमा ने प्रो. चंद्रा पंत के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. चंद्रा पंत की पुत्री और भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व कार्यकारी निदेशक डॉ. दीपाली पंत जोशी मौजूद रहीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एनआर फारूकी ने प्रो. पंत से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं और इतिहास लेखन में निष्पक्षता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता जामिया मिल्लिया इस्लामिया की पूर्व प्रोफेसर प्रो. सुनीता जैदी ने 'मध्यकालीन भारत में लैंगिक स्थिति' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मीराबाई, रानी दुर्गावती, नूरजहां जैसी ऐतिहासिक महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। मुख्य अतिथि वर्जीनिया विश्वविद्यालय की प्रो. मेहर अफशां फारूकी ने साहित्य, इतिहास और संस्कृति के संबंधों पर विचार रखे। अध्यक्षता प्रो. एसआईए जैदी ने की, जिन्होंने सतत पर्यटन और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान डॉ. नुजहत फातिमा की पुस्तक 'तारिख–ए–हमीदियारू सुनहरी विरासत के पचास साल' का विमोचन हुआ और निबंध व रिपोर्ट लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. तबस्सुम निगार ने किया।

52 स्पेशल एजुकेटर्स के प्रशिक्षण से समावेशी शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, दिव्यांग बच्चों की पहचान और बेहतर शिक्षण के लिए किया गया प्रशिक्षित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 15 अक्टूबर। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा संस्थान, एलनगंज में आयोजित चार दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। समग्र शिक्षा के अंतर्गत 12 से 15 अक्टूबर तक चले इस प्रशिक्षण में 52 स्पेशल एजुकेटर्स को प्रशिक्षित किया गया। समापन अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वरुण कुमार यादव और जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पाण्डेय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वरुण कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को उसकी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षित स्पेशल एजुकेटर्स विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर शैक्षिक सहयोग दें



और उनके अनुकूल वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

जिला समन्वयक विकास पाण्डेय ने कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उनकी जरूरतों के अनुसार शिक्षण की व्यवस्था करना और विद्यालय की गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने प्रशिक्षित एजुकेटर्स से अपने–अपने विकासखंडों में शिक्षकों को मार्गदर्शन देने के साथ ब्लॉक ऐपरिसोर्स सेंटर तथा प्रभावी शिक्षण–अधिगम सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

स्क्रीनिंग और शिक्षण तकनीकों की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं स्क्रीनिंग, शिक्षण–अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग और समावेशी कक्षा–कक्ष विकसित करने के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए सीखने के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने किया था। उनके निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण का संचालन जिला समन्वयक विकास पाण्डेय ने किया। समापन पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों से दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक सशक्तीकरण में प्रभावी योगदान देने की अपेक्षा की गई।

सुविख्यात समाजसेवी सरदार पतविन्दर सिंह को अंगवस्त्रम-मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल है

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सामाजिक संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता सोढ़ी ने शोषित पीड़ित उत्थान संस्थान की ओर से अशोक नगर स्थित आवास पर आयोजित समारोह में सुविख्यात समाजसेवी सरदार पतविन्दर सिंह को अंगवस्त्रम–मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रीता सोढ़ी ने कहा कि सरदार पतविंदर सिंह विभिन्न विधाओं एवं



कार्यक्षेत्र समाजसेवा,सस्कृति,समाज कल्याण, युवा– महिला–दिव्यांग कल्याण में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान कर देश–विदेश प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले सभी सामाजिक कार्य में तत्पर,अपनी प्रतिभा दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धियों को प्राप्त किया है कृति द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रीय एकता सदभावना सौहार्द की अलख जगाने के लिए हमेशा लोगों के बीच शांति अहिंसा एकता सद्भावना का संदेश देते हैंस युवाओं को नशीले पदार्थ,गुटका नशीली दवाओं के सेवन से बचाने के लिए ज्योति जगाने का प्रयास किया। सौरभ यादव ने कहा कि सामाजिक सौहार्द का उदाहरण सरदार पतविंदर सिंह....सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल है कवारियों,नमाजियों पर इत्र व पुष्प वर्षा कर स्वागत,वंदन,अभिनंदन करनासभाईचारे की ज्योति जागृत कर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले सरदार पतविंदर सिंह के कवारियों,नमाजियों पर इत्र व पुष्प वर्षा से सर्व समाज में खुशी का माहौल उत्पन्न होने से सांप्रदायिक सदभाव के प्रतीक के रूप में उभरे हैंससच्ची निरूस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित देश–विदेश में प्रदेश का नाम रोशन करते सच्ची समाज सेवा की अलग जगाने वाले सरदार पतविंदर सिंह किसी पहचान की मोहताज नहीं है सरदार पतविंदर सिंह नाम से नहीं,अपने कार्य से पहचाने जाते हैं उनका कहना है कि अपने लिए जो जीता है वह विकृति है और जो दूसरों के लिए जीता है वह संस्कृति हैस संचालन गीता प्रजापति ने किया इस अवसर पर कई सामाजिक राजनीतिक,युवा, सांस्कृतिक से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नगर उत्तर एथलेटिक्स में हनी, प्रदीप, आर्यन और जयसिंह ने मारी बाजी

लगभग 500 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, तीन आयु वर्गों में हुई प्रतियोगिताएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। केपी इंटर कॉलेज के संयोजन में मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में नगर उत्तर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 बालक–बालिका वर्ग के लगभग 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अंडर–17 बालक वर्ग में 800 मीटर दौड़ में हनी सिंह, 400 मीटर में प्रदीप राजभर, 100 मीटर में आर्यन कुमार और गोला फेंक में आदित्य कुमार प्रथम रहे। अंडर–19 बालक वर्ग में 100 मीटर में जयसिंह और 400 मीटर में अमृत प्रकाश ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर–14 बालक वर्ग की 200 और 400 मीटर दौड़ में सुमित कुमार ने बाजी मारी। बालिका वर्ग में अंडर–17 की 100 मीटर दौड़ में सीता, 200 मीटर में आरुषी कुमारी तथा 800 और 1500 मीटर में शोभा प्रथम रहीं। अंडर–19 में प्राची वर्मा ने 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर–14 वर्ग में 100 मीटर में आरोही सोनकर, 200 और 600 मीटर में वर्षा तथा 400 मीटर में अनन्या द्विवेदी विजेता रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ केपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं मुख्य संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समय का महत्व और कठिन परिश्रम सफलता की आधारशिला हैं। प्रतियोगिता का संचालन उमेश कुमार खरे ने किया। आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों और सहयोगियों का योगदान रहा।



समाजवादी पार्टी कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय, जार्ज टाउन, प्रयागराज में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि डॉ. अब्दुल कलाम का जीवन सादगी, परिश्रम, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने वाले डॉ. कलाम ने अपनी प्रतिभा, लगन और समर्पण से पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया। मिसाइल एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उनके योगदान के कारण उन्हें 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है।

जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि डॉ. कलाम का मानना था कि देश का वास्तविक भविष्य उसके बच्चों और युवाओं



में निहित है। वे चाहते थे कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। उनका जीवन युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा देता है।

महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन कहा कि डॉ. कलाम ने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी अपनी सादगी, विनम्रता और जनसरोकारों को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन हमें सिखाता है कि पद से बड़ा व्यक्ति का चरित्र, ज्ञान और समाज के प्रति उसका समर्पण होता है।

समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के आदर्शों को आत्मसात करने तथा शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक समानता और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, जगदीश सिंह, महबूब उस्मानी,अजय यादव, मेजर दिनेश यादव, मो शारिक, तारिक सईद अज्जू ,संतोष यादव,आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव , दिलीप सोनी, अरविन्द केसरवानी, सऊद अहमद, संगम लाल मौर्य, शांति प्रकाश, जीतराज हेला, एस बी पाण्डेय, त्रिभुवन यादव, आरती पाल,पंकज पटेल, मो हामिद, मकबूल हासमी आदि मौजूद रहे।

शिक्षा और खेल के समन्वय से विद्यार्थियों का होगा सर्वांगीण विकास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। राष्ट्रीय खेल उत्थान परिषद, प्रयागराज एवं कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रोफेसर प्रभु कुमार पचौरी की 93वीं जयंती पर आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह–2026 का प्रथम दिवस शैक्षणिक एवं तकनीकी सत्रों के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में शिक्षा और खेल के समन्वय से विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास पर विचार–विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी के कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. वीके मिश्रा रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील दत्त कौटिल्य ने की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) गीतांजलि मौर्य ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. राकेश तोमर ने शिक्षा एवं खेल से जुड़े महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। डॉ. आदेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल की भूमिका पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों में देश–विदेश के शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र का संचालन प्रो. के. चौबे ने किया, जबकि दूसरे सत्र का संचालन डॉ. हुजैफा सगीर ने किया। विभिन्न वक्ताओं ने अपने शोध और अकादमिक अनुभवों के माध्यम से सम्मेलन की विषयवस्तु को समृद्ध किया।

कलाम के सपनों का भारत बनाने की हुंकार, ARK कॉलेज में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

अब्दुल कलाम जयंती और ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे पर जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षा के साथ स्वच्छता और स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सपने बड़े हों, इरादे मजबूत हों और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत का जज्बा हो तो सफलता की राह आसान हो जाती है। महान वैज्ञानिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन इसी प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी जयंती और ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे के अवसर पर 15 अक्टूबर को चायल तहसील क्षेत्र के ।त्ज्ञ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रक्सराई, सराय अकिल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव अजीत कुशवाहा, रजिस्ट्रार शोएब अहमद, निदेशक अमित कुमार पटेल तथा कार्यक्रम आयोजक मोहम्मद फरहान उपस्थित रहे।



इस दौरान शिक्षक संजय यादव, शैलेंद्र कुमार मौर्य, दिलीप कुशवाहा, जय प्रकाश, दिवाकर, शाहनूर बानो, नितीश कुमार और मोहम्मद आजम सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों, शिक्षा के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि जीवन में सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना, निरंतर परिश्रम करना और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक है।

डॉ. कलाम का जीवन इस बात की प्रेरणा देता है कि साध ारण परिस्थितियों से निकलकर भी असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। विद्यार्थियों को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग देश तथा समाज के विकास में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

हाथों की सफाई, बीमारियों से बचाव का प्रभावी उपाय

ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे के अवसर पर कार्यक्रम में व्यक्तिगत स्वच्छता और संक्रमण से बचाव पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को साबुन और स्वच्छ पानी से सही तरीके से हाथ धोने की आवश्यकता समझाई गई। भोजन करने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद हाथों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि हाथों की नियमित सफाई कई संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छता की छोटी–छोटी आदतें व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ ही परिवार और समाज को भी सुरक्षित रखने में मदद करती हैं। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे स्वयं स्वच्छता अपनाएं और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

महाविद्यालय के सचिव अजीत कुशवाहा एवं निदेशक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक जीवन में स्वच्छता और अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित करना भी रहा। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट रहा कि डॉ. कलाम के सपनों का भारत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को शिक्षित, जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनना होगा। वहीं, स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

पशु मेले में चिकित्सक ने पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर के देवली गांव में बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। प्रधान (प्रशासक) प्रतिनिधि मनोज सिंह ने गो पूजन करके पशु मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पशु चिकित्साधिकारी डा. सुनील कुमार मिश्र ने लोगों को पशुपालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय पशुधन बीमा प्रगतिशील पशुपालन योजना टीकाकरण आदि के बारे में पशुपालकों को विस्तार से जानकारियां दी। वहीं मेले में बीमार पशुओं का उपचार कर दवाईयां वितरित की गयी। इस मौके पर डा. अनिल पटेल, विकास श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

घर से निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। किशोरी के गायब होने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी राजिया बानो पत्नी मो0 जाबिर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौदह अक्टूबर को सुबह उसकी बेटी स्कूल के बहाने घर से निकली तो वापस नहीं लौटी। पीड़िता का आरोप है कि गांव का ही मो0 तुफैल पुत्र मो0 इरशाद उसे बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पीड़िता ने किशोरी के साथ अनहोनी की आशंका भी जतायी है। एसओ वारिज कसेरा का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आज दो दिवसीय दौरे पर रामपुरखास आयेगें उपनेता प्रमोद तिवारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ । राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शुक्रवार से रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे में विविध ा कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद प्रमोद तिवारी शुक्रवार को दिन में एक बजे लालगंज कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगें। सायं चार बजे घुइसरनाथ धाम समेत सांगीपुर तथा रामपुर–संग्रामगढ़ ब्लाक के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होगें। वह रात्रि विश्राम संग्रामगढ़ करेगें। अगले दिन शनिवार को डेढ़ बजे सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज बाजार में विभिन्न दुर्गा पाण्डालों पर आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल होगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

खरीद-बिक्री कर बच्चों ने सीखे लेनदेन के गुर, वित्तीय साक्षरता का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत गुरुवार को कड़ा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को रुपये के लेनदेन, खरीद–बिक्री, बचत और धन के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को आर्थिक व्यवहार की बुनियादी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्टाल लगाकर गतिविधि में भाग लिया, वहीं बच्चों ने क्रय–विक्रय का अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने वस्तुओं की खरीदारी और बिक्री के साथ रुपये के लेनदेन का तरीका सीखा। गतिविधि के जरिए बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि दैनिक जीवन में पैसों का हिसाब–किताब रखना, जरूरत के अनुसार खर्च करना और बचत की आदत डालना कितना महत्वपूर्ण है। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में प्रतिभाग किया और व्यवहारिक रूप से वित्तीय लेनदेन की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकृष्ण साहू ने बच्चों को वित्तीय साक्षरता के महत्व से परिचित कराते हुए कहा कि कम उम्र से ही बच्चों को धन के सही उपयोग, बचत और लेनदेन की जानकारी देना जरूरी है। इससे उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और वे भविष्य में आर्थिक निर्णय लेने के प्रति जागरूक बनते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह की गतिविधियां बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान करती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आर्थिक रूप से जागरूक बनाना और उन्हें दैनिक जीवन में वित्तीय व्यवहार की समझ देना रहा। इस अवसर पर शिक्षिका माया सिंह, रिया सेठी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आशनाई के शक में फेरी व्यापारी की हत्या, पत्नी समेत तीन पक्षों के खिलाफ केस दर्ज

एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, लालगंज पुलिस को जल्द खुलासे का अल्टीमेटम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा फेरी कारोबारी उमाशंकर कौशल उर्फ गुड्डू (34) की ईंट से सिर कुचलकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह शीतलमऊ नहर के पास काली मां मंदिर के समीप गड्ढे में उनका लहूलुहान शव मिला। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी सुमन, धारूपुर निवासी शहंशाह और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में अवैध संबंधों के शक को लेकर भी आरोप लगाए गए हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है।

शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बाजार खास निवासी उमाशंकर कौशल उर्फ गुड्डू पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल कौशल फेरी लगाकर सर्राफा कारोबार करते थे। बुधवार शाम वह घर पहुंचने के बाद बाइक से कहीं निकल गए थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर उनकी तलाश शुरू हुई। गुरुवार सुबह शीतलमऊ नहर के पास काली मां मंदिर के समीप गड्ढे में एक युवक का लहूलुहान शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में सीओ राजीव द्विवेदी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के भाई दीपू कौशल ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। भाई के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलने पर एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लालगंज पुलिस को जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए और घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की।



पत्नी हिरासत में, दूसरे आरोपी की तलाश

मृतक के भाई दीपू कौशल की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी सुमन, धारूपुर निवासी शहंशाह और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सुमन को महिला पुलिसकर्मियों की मदद से हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं, नामजद आरोपी शहंशाह की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

उमाशंकर कौशल अपने पीछे तीन बेटियां रिया (12), आयुषी (9) और पीहू (7) छोड़ गए हैं। पिता की मौत से तीनों बच्चियां गहरे सदमे में हैं। घटनास्थल और घर पर मौजूद लोगों के बीच बच्चियों को देखकर भावुक माहौल रहा। मृतक के भाई को भी लोग सांत्वना देते नजर आए।बताया जाता है कि मृतक की पत्नी सुमन के माता–पिता का काफी पहले निधन हो चुका था और वह धारूपुर में अपनी बहन के यहां रहती थी। उसके जीजा ने ही उमाशंकर के साथ शादी तय कराई थी।

पुलिस का पक्षरू प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के अनुसार, मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सड़क दुर्घटना मे युवक की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के डीहमेंहदी बाबूगंज निवासी अहमदउल्ला पुत्र नियामत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह अक्टूबर को उसका भाई अरमान बाइक से रेहान के साथ रामपुरखास जा रहा था। लालगंज कोतवाली के कालाकांकर मार्ग पर शाम करीब चार बजे सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने अरमान को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

महिला किसान दिवस पर महिला कृषकों को किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कृषि भवन सभागार में उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र की अध्यक्षता में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी



संख्या में महिला किसानों ने प्रतिभाग किया। उप कृषि निदेशक ने महिलाओं को कृषि विभाग की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने और आय बढ़ाने के लिए महिला समूहों से जुड़ने की अपील की। प्रगतिशील महिला किसान राधा देवी और ऊषा देवी ने प्राकृतिक खेती, पशुपालन और घरेलू बागवानी से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसानों ऊषा देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी और सरोज देवी को चना मिनीकिट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमार पशुओं के उपचार को पशु आरोग्य शिविर का आयोजन

पशुओं के जम्पी रोग के उपचार और पशुओं का नियमित टीकाकरण का विभाग करे इंतजाम : अजय सोनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। गुरुवार 15 अक्टूबर को सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन खुर्द में पशुपालन विभाग कौशांबी द्वारा पंडित दिन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर और मेला का आयोजन किया गया। मेले मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी पहुंचे। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने गौ पूजा कर और फीता कटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि अजय सोनी का उपपशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रविन्द्र कुमार ने माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि



ने अपने संबोधन में पशुपालकों को पशुपालन को रोजगार का मुख्य साधन बनाने और अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादन करने का आह्वान किया। अजय सोनी ने पशुपालन विभाग को पशुओं को हो रहे जंपी रोग का उपचार और पशुओं का नियमित टीकाकरण हेतु समुचित इंतजाम करने की बात कही। इस अवसर पर विभाग के डॉक्टरों द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बीमार पशुओं का इलाज किया गया। साथ ही पशुपालकों को यशुपालन हेतु तमाम योजनाओं की विभागीय जानकारी दीस इसके बाद तमाम पशुपालकों को पशुओं की दवाओं का वितरण और पशुपालन हेतु मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर उदहिन खुर्द ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह, उदहिन बुजुर्ग ग्राम प्रधान दशरथ लाल दिवाकर, डॉक्टर अरविंद मौर्य, डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, चेद्दू सिंह आदि किसान और पशु पालक मौजूद रहे।

मारपीट व धमकी के आरोप में तीन पट्टीदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । पईसा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके पट्टीदार आएदिन मारपीट कर धमकी देते है, एक हफ्ते पहले भी मारपीट कर चोटिल कर दिया और धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पईसा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी पुष्पराज सिंह पुत्र अवधेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पट्टीदार कई बार गाली गलौच कर मारपीट कर चुके हैं, पीड़ित पुष्पराज के मुताबिक आठ अक्टूबर की शाम छः बजे के करीब उसके पट्टीदार पिता के साथ मारपीट के बाद घर में घुसकर गाली गलौच करते हुए धारदार हथियार से हमला कर लहुलुहान कर दिया और बीच बचाव के दौरान मां रेखा देवी को भी चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर पईसा पुलिस ने बृजेश सिंह, उसकी पत्नी मीरा देवी व पुत्र हिमांशु के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

हाईमास्ट लाइट को गायब करने व धमकी देने के आरोप में चार के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा का मजरा चकिया गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके विपक्षी घर के पास लगे हाइमास्ट को गिराकर क्षतिग्रस्त कर खंभा गायब कर दिया, और धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा का मजरा चकिया गांव निवासी शत्रुघ्न कुमार पुत्र मैकूलाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने नौ अक्टूबर को आटा चक्की में प्रकाश हेतु हाईमास्ट लाइट लगवाया था, पीड़ित का आरोप है कि दूसरे दिन उसके विपक्षी रंजिश के चलते हाईमास्ट खम्भे को गिराकर लाइट क्षतिग्रस्त कर खंभा गायब कर दिया, और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस ने चकिया गांव निवासी मोहित, रोहित , सचिन व विपिन के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

किसानों एवं आम जनता की समस्याओं और मुद्दों को लेकर सकिपा ने की ग्राम मासिक बैठक

सकिपा ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार 15 अक्टूबर को जिले के कई गांवों जैसे उदहिन खुर्द, मनौरी, घोसरा, मालीपुर महाराजगंज, टेनशाहआलमबाद आदि गांवों में ग्राम मासिक बैठक हुई। बैठक में किसानो और जनहित की कई समस्याओं एवं मांगे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने चर्चा की। लोगो का कहना था कि इस समय रोजाना शाम से ही



विद्युत कटौती हो जाती है जबकि नवरात्रि का समय चल रहा है।साथ ही नहरों में जलापूर्ति नही होने से किसान परेशान है। समितियों से किसानो को खाद नही मिलने से किसान परेशान हो रहा है। इसी क्रम में मनौरी बाजार में पार्टी नेता मनोज सोनी की अगुवाई में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर उन्हे नमन किया गया। इस अवसर पर मनोज सोनी ने उनके जीवन और सादगी पर प्रकाश डालते हुए उन्हे इस देश का सपूत बताया। कहा कि अब्दुल कलाम साहब का सारा जीवन देश के लिए समर्पित था। इस अवसर पर अजय सोनी, प्रेमचंद्र केसरवानी, राजेश गौतम, वेद प्रकाश यादव, फूलचंद्र लोधी आदि मौजूद रहें।

मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मत्स्य विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026–27 में विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के तहत महिला वर्ग के आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। प्रभारी मत्स्य विभाग ने बताया कि आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल 15 से 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। योजना की परियोजना, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय वेबसाइट मत्स्य विभाग पोर्टल पर उपलब्ध है। पूर्व में निरस्त किए गए आवेदनों के आवेदक भी दोबारा आवेदन कर सकते हैं।

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्याः 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/670 दिनांकः 14.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा सं0: 230-क0वि0-कार्य ठेका-1059-2026

कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के टीआरडी (TRD) विभाग के अधीन टावर वैगनों में विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस (VCD) लगाने का कार्य।

अनुमानित लागत : रू. 97,83,040.00	बिड सुरक्षा राशि : रू. 1,95,700.00
कार्य अवधि : 12 महीना	बोली प्रणाली : एक पैकेट
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 06.11.2026, 14:00 बजे	
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 06.11.2026, 15:00 बजे	

नोटः 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2355/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

भदोही में एंटी रोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत भदोही पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की देखरेख में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जनपद की एंटी रोमियो टीम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। अभियान के दौरान टीम ने सार्वजनिक जगहों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के पास महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत की। उन्हें महिला सुरक्षा, स्वावलंबन, कानूनी अधिकारों और सरकार की अलग-अलग योजनाओं के बारे में बताया गया।

छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। किसी भी समस्या में बिना डरे पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान 1090- वीमेन पावर लाइन, 112- पुलिस आपातकालीन सेवा, 181- महिला हेल्पलाइन, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1098- चाइल्ड हेल्पलाइन जैसे नंबरों की जानकारी दी गई। जागरूकता पंपलेट भी बांटे गए। मिशन शक्ति अभियान का मकसद महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित माहौल देना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। भदोही पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

सपा कार्यालय मनाई गई मिसाइन मैन अब्दुल कलाम की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम



में गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एक समर्थ परमाणु वैज्ञानिक होने के साथ-साथ एक कुशल दार्शनिक, शिक्षक और लेखक भी थे। उन्होंने बताया कि राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में उनकी विद्वता और शक्ति ने देश को नई दिशा दी। डॉ. कलाम को 40 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी, जो उनके उत्कृष्ट ज्ञान का प्रमाण है। श्री यादव ने ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। विचार गोष्ठी सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, राजेश भारती, आदर्श यादव, मकबूल भारती, आकाश यादव, रवि सोनकर, अभिषेक दूबे, अवधेश सिंह, बृजलाल मौर्या, आकांक्षा यादव, रामजी बिन्द, मनोज चौहान, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, आशीष कोल, विष्णुचरण यादव, वीरेन्द्र यादव, उदल पासी, शिबू पाण्डेय, सलीम बादशाह, अहमद नवाज आदि लोग मौजूद रहें।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी भाजपा प्रत्याशी ने कचहरी में अधिवक्ताओं व स्नातक मतदाताओं से किया जनसंपर्क

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी केदारनाथ सिंह ने मीरजापुर नगर के कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं एवं स्नातक मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर 23 अक्टूबर 2026 को प्रथम वरीयता का मत देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

जनसंपर्क में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री राम कुमार विश्वकर्मा, पूर्व जिला महामंत्री दिनेश वर्मा, राम आसरे सरोज, नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष पूर्वी डाली अग्रहरि, सभासद श्याम सिंह, नीरज गुप्ता आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'फर्जी' वेब सीरीज देखकर छापने लगे नकली नोट, मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

5.26 लाख की जाली करेंसी बरामद,लैपटॉप-प्रिंटर समेत सामान जब्त, पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम

डा० एम ए तोमर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।थाना बुढ़ाना पुलिस ने नकली करेंसी छापकर बाजार में खपाने वाले कथित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड शुभम समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के कब्जे से 500-500 रुपये के कुल 5 लाख 26 हजार 500 रुपये के जाली नोट, लैपटॉप,कलर प्रिंटर और नकली नोट बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई है।पुलिस के मुताबिक बुद्धवार को मेरठ-करनाल हाईवे के पास बुढ़ाना-कांधला मार्ग पर चेकिंग के दौरान आरोपियों से चार लाख रुपये की जाली करेंसी बरामद हुई। पूछताछ के बाद दिल्ली के नरेला स्थित शुभम के फ्लैट से 1 लाख 26 हजार 500 रुपये के अतिरिक्त नकली नोट और छपाई का सामान बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम पुत्र रण सिंह निवासी बागपत,हाल निवासी नरेला दिल्ली,महेंद्र पुत्र आसाराम निवासी पौड़ी गढ़वाल और टीनू पुत्र सुमित निवासी मेरठ के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार शुभम ने पूछताछ में 'फर्जी' वेब सीरीज देखकर नकली नोट छापने का विचार आने और यूट्यूब से तरीका सीखने की बात बताई।थाना बुढ़ाना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों के नेटवर्क और अन्य संपर्कों की जांच कर रही है।कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री के नेतृत्व में की गई।टीम में उपनिरीक्षक आशीष चौधरी,ललित कसाना,छविकांत,संदीप कुमार,सूर्यप्रताप सिंह, तेजवीर सिंह तथा मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र सिंह,अमित तेवतिया,अमरदीप,सुनील कुमार,निर्वेश कुमार,संजय कुमार,नकुल सांगवान और सर्विलांस सेल के विकास सिरोही शामिल रहे।

बरेका ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 50वां अमृत भारत (पुश-पुल) लोकोमोटिव बनाया

मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने अपनी उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 50वें अमृत भारत (पुश-पुल) लोकोमोटिव का निर्माण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।



अमृत भारत ट्रेनों के लिए निर्मित पुश-पुल लोकोमोटिव आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। ट्रेन के दोनों छोर पर लोकोमोटिव लगाए जाने से परिचालन में सुगमता आती है। अत्याधुनिक लोको कैब, सेमी-ऑटोमेटिक कपलर, क्रैशवर्दी डिजाइन और बेहतर ब्रेकिंग प्रणाली जैसी विशेषताएं इन्हें और अधिक आधुनिक बनाती हैं।

बरेका महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने कहा कि बरेका का प्रत्येक लोकोमोटिव भारत की औद्योगिक आत्मनिर्भरता, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीक है। पुश-पुल लोकोमोटिव का निर्माण 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सशक्त बनाता है। लोकोमोटिव संख्या 45336 एवं 45337 को उत्तर पश्चिम रेलवे के भगत की कोठी, जोधपुर स्थित डीजल लोको शेड के लिए भेजा गया है।

11,531 रेल इंजनों के निर्माण का गौरव

बरेका स्थापना से अब तक कुल 11,531 रेल इंजनों का निर्माण कर चुका है, जिनमें 3,195 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव शामिल हैं। यह उपलब्धि भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और स्वदेशी उत्पादन में बरेका के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करती है।

काशी नरेश विश्वविद्यालय में अभ्युदय योजना और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हुआ आयोजन, पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। शारदीय नवरात्रि पर काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर में शमिशन शक्ति फेज-6.0श के तहत श्मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमश आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ भदोही के अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की मुफ्त कोचिंग, पात्रता और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। UPSC,UPPSC, NEET, JEE, NDA, CDS, SSC और बैंकिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पाठ्यक्रम और रणनीति पर मार्गदर्शन मिला। छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य तय कर आत्मविश्वास से आगे बढ़ने को प्रेरित किया गया।

शमिशन शक्ति फेज-6.0श के तहत महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन की जानकारी भी दी गई। छात्राओं को किसी भी उत्पीड़न में बिना डर पुलिस सहायता लेने और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। भदोही पुलिस महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

सीएम योगी ने मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन-पूजन, निर्माणाधीन गंगा घाट का किया निरीक्षण

विंध्याचल कॉरिडोर से श्रद्धालुओं को मिली बड़ी सुविधा, धार्मिक पर्यटन को मिला बढ़ावा : योगी आदित्यनाथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विंध्याचल पहुंचकर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मां के चरणों में माथा टेककर प्रदेश की



सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने गंगा नदी के पक्का घाट पर निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री करीब 10:40 बजे मोतिया झील स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां से वह मां विंध्यवासिनी मंदिर गए, जहां नगर विधायक एवं तीर्थ पुरोहित रत्नाकर मिश्र ने उन्हें दर्शन-पूजन कराया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कालीखोह मोड़ पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विंध्याचल मंदिर कॉरिडोर, अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास किया है। विंध्याचल कॉरिडोर बनने से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी सुविधा मिली है। अब श्रद्धालु पहले की तुलना में अधिक सुगमता से मां के दर्शन कर पा रहे हैं। धार्मिक स्थलों के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिला है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

उन्होंने कहा कि आस्था और पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ, मां विंध्यवासिनी धाम और काशी विश्वनाथ धाम इसके उदाहरण हैं। सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें।

शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्याचल मंडल में दो मेडिकल कॉलेज और दो राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन शुरू हो चुका है। मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय और भदोही में काशी नरेश विश्वविद्यालय से स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं। मीरजापुर और सोनभद्र में चिकित्सा शिक्षा की सुविधाओं का विस्तार होने से भी क्षेत्र को लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बनने के बाद साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण प्रदेश में रोजगार और निवेश के अवसर बढ़े हैं। एक जिला, एक उत्पाद योजना के माध्यम से भी रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए दो करोड़ टैबलेट वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक 62 लाख युवाओं को टैबलेट दिए जा चुके हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से युवा नीट, आईआईटी, जेईई, यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कर सकते हैं।

15 लाख शिक्षकों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएं देने के लिए काम कर रही है। बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्ववित्तपोषित संस्थानों सहित करीब 15 लाख शिक्षकों को उनके परिवार के साथ प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया गया है। इसके अलावा, दुर्घटना या अन्य घटना की स्थिति में शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा के तहत सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक स्थलों का विकास, बेहतर बिजली व्यवस्था और कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र विद्याधर तिवारी ने मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान राज्यमंत्री संजीव गौड़, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, एमएलसी विनीत सिंह, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य, छानबे विधायक रिंकी कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर में दर्शन-पूजन और घाटों के निरीक्षण के दौरान अपर महानिदेशक नवीन अरोड़ा, मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, डीआईजी पूनम, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला सशक्तीकरण से कृषि को मिलेगी नई ताकत, पांच किसानों को मिले ट्रैक्टर

मिलेट्स किसान मेला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी में योजनाओं से जुड़ने का आह्वान, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 15 अक्टूबर। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान एवं अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर जनपद स्तरीय मिलेट्स किसान मेला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, पोषण सुरक्षा और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं समूहों को सम्मानित किया गया। वहीं, फार्म मशीनरी बैंक के तहत पांच किसानों को ट्रैक्टर की चाबियां सौंपी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी और डीएम अंजनी कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता जनपद के विकास की आधारशिला है। पात्र महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों, कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियां दूर करने पर जोर दिया।

स्टॉलों का किया अवलोकन, महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

विधायकों, डीएम और सीडीओ ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं एवं समूहों को शॉल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उद्यान विभाग की ओर से सब्जी मिनीकिट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण, स्वरोजगार तथा सहायता सेवाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। गोष्ठी में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, महिला किसान, कृषक और स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं मौजूद रहीं।

गन्ना किसानों की बड़ी पहल : 21012 प्रजाति जल्द जारी करने का भरोसा, 20016 के विमोचन पर जताया आभार

धर्मेंद्र मलिक और अशोक बालियान के नेतृत्व में पश्चिमी यूपी व हरियाणा के किसानों ने आईसीएआर महानिदेशक से की मुलाकात, किसान हित में जल्द निर्णय लेने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर,करनाल।प्राप्त समाचार के अनुसार गन्ना किसानों के हित में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने गन्ने की उन्नत प्रजातियों के विमोचन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक और पीजेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक बालियान के नेतृत्व में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक मांगी लाल जाट से करनाल स्थित केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में मुलाकात की।किसानों ने गन्ने की प्रजाति 20016 को विमोचित किए जाने पर आभार जताते हुए प्रजाति 21012 को भी जल्द जारी करने की पुरजोर मांग उठाई।इस पर महानिदेशक ने नियमानुसार जल्द विमोचन किए जाने का आश्वासन दिया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आयजा खान (AAIZA KHAN) के जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम इकरा अफरोज (IQRA AFROZ) दर्ज है के स्थान पर इकरा अली (IKRA ALI) लिख गया है। जिसे संशोधित कर इकरा अफरोज दर्ज किया जावे।

इकरा अफरोज पत्नी
मो0 कासिम अली
510 बहादुरगंज
इलाहाबाद/प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिवित श्रीवास्तव (DIVIT SRIVASTAVA) के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश राघव श्रीवास्तव लिख गया है। न्यायहित में आवश्यक है कि भविष्य में दिवित श्रीवास्तव के नाम से जाना तथा पहचाना जावे।

आलोक कुमार श्रीवास्तव
निवासी- नहरपुर रोड़
चमनगंज
कनिहार झूंसी प्रयागराज

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

सिर्फ नेहरू ही नहीं, मसुरियादीन पासी भी गए थे जेल–योगी

- मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की प्रतिमा का किया अनावरण
- मसुरियादीन के नाम पर होगा चौराहा, सम्मान किसी परिवार की बपौती नहीं



लखनऊ/प्रयागराज,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को तेलियरगंज चौराहे पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, ब्रिटिश जरायम पेशा कानून को समाप्त कराने वाले संविधान सभा के सदस्य एवं पूर्व सांसद महाशय मसुरियादीन पासी की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी नोट कर लें कि देश की आजादी के लिए केवल नेहरू जी ही नहीं, बल्कि मसुरियादीन भी जेल गए थे। इनकी आयु 66–67 वर्ष रही, जिसमें 9 वर्ष 1932–1944 वह आजादी की अलख जगाने के लिए जेल में रहे। रिहा होने पर भी वह जन–जागरण करते रहे थे। सीएम ने महापौर से प्रस्ताव मांगा और कहा कि जहां मसुरियादीन की प्रतिमा लगी है, वह चौराहा उनके नाम पर बनेगा। प्रयागराज की किसी एक अच्छी संस्था का नाम भी महाशय मसुरियादीन के नाम पर किया जाएगा। वहां भी उनकी भव्य प्रतिमा लगेगी, क्योंकि महापुरुषों को सम्मान देकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। भूत को सम्मान देकर वर्तमान संवर सकता है और वर्तमान के संवरने से ही भविष्य उज्ज्वल होगा। महाशय का सम्मान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान है, इसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। 2 अक्टूबर 1911 को महाशय मसुरियादीन पासी का भी जन्म हुआ था। इतिहास के कालचक्र ने इन्हें विस्मृत कर दिया था, लेकिन विकास व विरासत पर विश्वास करने वाली भाजपा सरकार महापुरुषों को विस्मृत नहीं करती। हमने उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रतिमा का अनावरण किया है। मसुरियादीन 1946 में यूपी विधानसभा के सदस्य बने, फिर स्वतंत्र भारत में 1952 से 1972 तक चार बार चुनकर संसद गए। 1952 में जब एक सीट पर दो सांसद चुने जाते थे तो पं. नेहरू व मसुरियादीन एक साथ चुनकर गए थे। उन्होंने काले कानून के खिलाफ 1952 में ही आवाज उठाई थी। 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में मुंह की खाने के बाद अंग्रेजों ने 1871 में जरायम पेशा कानून बनाकर पासी समेत तमाम जातियों को अपमानित किया था। बाबा साहेब व मसुरियादीन जी ने उस कानून के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अंततः उसे समाप्त कर पासी, सोनकर, वंचित, दलित समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पासी समाज के शौर्य व पराक्रम की गाथा को हर कोई जानता है। महाराजा बिजली पासी ने 12वीं सदी में लखनऊ व आसपास के क्षेत्र में 12 किले बनाए थे। विदेशी आक्रांताओं से लड़ने के लिए इसे रणनीति का हिस्सा बनाया था। वीर मक्का पासी आजादी की लड़ाई लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए तो उनकी पत्नी वीरांगना ऊदा देवी ने मोर्चा संभालते हुए अंग्रेजों के छुक्के छुड़ाए। अंततः उनका भी बलिदान हो गया। हमारी सरकार ने लखनऊ स्थित महाराजा बिजली पासी के किले का पुनरुद्धार किया। डबल इंजन सरकार लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के नाम पर पीएसी बटालियन गठित कर रही है। वहां भी उनकी अश्वारोही भव्य प्रतिमा लगाई जा रही है। सम्मान किसी परिवार की बपौती नहीं है। जिन्होंने दलितों, वंचितों की आवाज को आगे बढ़ाया और देश–समाज के लिए जीवन समर्पित किया, उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', महापौर उमेश चंद्र 'गणेश केसरवानी', फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, पीयूष रंजन निषाद, वाचस्पति पासी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्या, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, सुरेंद्र चौधरी, मसुरियादीन की पुत्री कमला कुमारी, पौत्र सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

जब नारीशक्ति स्वस्थ–शिक्षित और समर्थ, तभी राष्ट्र का वर्तमान सुरक्षित और भविष्य उज्ज्वल–योगी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगतजननी मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप को वात्सल्य, ममता और पोषण की अधिष्ठात्री देवी बताया। मां स्कंदमाता की आराधना हमें यह पावन संदेश देती है कि जब नारीशक्ति स्वस्थ, शिक्षित और समर्थ होती है, तभी राष्ट्र का वर्तमान सुरक्षित और भविष्य उज्ज्वल होता है।सीएम ने श्एक्सश पर पोस्ट किया कि वर्ष 2017 से पहले बेटियों को संबल देने के बजाय पूर्ववर्ती सरकारें केवल अपने राजनीतिक कुनबे को पोषित करने में व्यस्त थीं। प्रदेश में माताओं का स्वास्थ्य और बेटियों की शिक्षा घोर उपेक्षा एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। अस्पतालों की बदहाली, दवाओं का अभाव और संस्थागत प्रसव की लचर व्यवस्था के कारण मातृ–शिशु मृत्यु दर चिंताजनक स्थिति में थी। मुख्यमंत्री ने लिखा कि विगत साढ़े 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला है। पहले सुविधाओं के अभाव में प्रदेश की लाखों बेटियां पढ़ाई छोड़ने को मजबूर थीं, लेकिन विगत 9.5 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा और सुरक्षित मातृत्व तक समग्र सुरक्षा एवं कल्याण चक्र तैयार किया है।मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद बदले परिदृश्य पर भी ध्यानाकर्षण कराया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प से प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का सैचुरेशन 36 से बढ़कर 96 फीसदी से अधिक हो गया है। स्कूल ड्रॉपआउट रेट 20 से घटकर 3 प्रतिशत से भी कम रह गया है। अटल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से श्रमिक व वंचित वर्ग की बेटियों को आधुनिक, विश्वस्तरीय आवासीय शिक्षा मिल रही है। कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में कक्षा 12 तक पढ़ाई की सुविधा के विस्तार से बेटियों को अपनी शिक्षा पूरी करने के अवसर मिल रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश, उनके आत्मविश्वास और प्रदेश के भविष्य को सशक्त बनाने का निवेश है।

'नई नवेली' के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचीं यामी गौतम धर

रूमी दरवाजे पर अपने खूबसूरत देसी अंदाज से जीता सबका दिल

लखनऊ,संवाददाता। अपनी आने वाली फिल्म नई नवेली के प्रमोशन के सिलसिले में नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचीं खूबसूरत एक्ट्रेस यामी गौतम धर ने हाल ही में शहर की ऐतिहासिक धरोहर रूमी दरवाजा का दौरा किया। इस दौरान यामी का सादगी भरा देसी अंदाज हर किसी का दिल जीत रहा था। बैंगनी रंग के खूबसूरत इंडियन आउटफिट में वे बेहद हसीन लग रही थीं, जिसे उनके कानों के नक्काशीदार झुमके और खुले बाल एक परफेक्ट एलिगेंट लुक दे रहे थे। कहना गलत नहीं होगा कि ऐतिहासिक रूमी दरवाजे की बैकड्रॉप में यामी का यह दिलकश और नजाकत भरा रूप दिल जीत रहा था।

भाजपा नेता से लूट के मामले में सीएम ने खुद ली रिपोर्ट, एसओ पर एक्शन

लखनऊ,संवाददाता। कानपुर में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रमेश यादव को उन्हीं के फार्म हाउस में बंधक बनाकर 32 लाख की लूट का मामला मुख्यमंत्री योगी ने खुद इस संबंध में पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल से जानकारी ली। इसके बाद जल्द वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए। लूटकांड की गाज सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पर गिरी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मामले के खुलासे में पुलिस की आठ टीमें लगी हैं।सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के नेवरी गांव में बिधनू के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश यादव को उन्हीं के फार्म हाउस में तमंचे और चाकू के बल पर बंधक बनाकर दो बदमाशों ने करीब 32 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। फार्म हाउस के पीछे की दीवार फांदकर अंदर आए नकाबपोश लुटेरों ने हाथ–पैर बांधकर उनके मुंह पर टेप लगा दिया था। इसके बाद सोने की चेन–कड़ा और अंगूठी व रॉडो की घड़ी उतार ली थी।बेडरूम में ले जाकर अलमारी में रखे 12 लाख रुपये भी लूट लिए थे। अंत में रमेश यादव को बाथरूम में बंद कर पीछे की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। पुलिस सात संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री को घटना की पूरी जानकारी दे दी गई है। लूट की इस दुस्साहसिक वारदात के बाद सेन पश्चिम थाना प्रभारी प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।पुलिस बीटीएस टॉवर डंप करने के साथ ही आसपास के अपराधियों की कुंडली भी खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक ऐसे दो दर्जन से ज्यादा शातिरों की कुंडली खंगाली जा रही है। बीटीएस टॉवर डंप में 35 हजार से ज्यादा नंबर आए हैं। इनमें लगातार उसे क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले बाहरी नंबरों की पड़ताल की जा रही है।

वीबी–जी राम जी योजना से गांवों में रोजगार सृजन को मिलेगी गति– केशव

- 57,470 ग्राम पंचायतों में 42.90 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य
- चकमार्ग, तालाबों के जीर्णोद्धार और जल संरक्षण सहित 375 प्रकार के कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में बनेंगी उपयोगी परिसंपत्तियां



लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा विकसित भारतदृजी राम जी योजना के अंतर्गत 12 अक्टूबर को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 'विशेष रोजगार सृजन दिवस' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, श्रमिकों को काम उपलब्धा कराना तथा गांवों में विकास कार्यों को गति देना है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और जरूरतमंद परिवारों की आजीविका के साधन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।प्रदेश की 57,470 ग्राम पंचायतों में इस विशेष दिवस के दौरान 42,90,275 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। रोजगार सृजन की गति को तेज करने के लिए ग्राम्य विकास विभाग ने गांवों में व्यापक स्तर पर कार्यों के संचालन पर जोर दिया। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मानव दिवस सृजन की प्रगति शत–प्रतिशत रही विभाग द्वारा रोजगार सृजन में तेजी लाने की पहल की सराहना की गई।विशेष रोजगार सृजन दिवस पर चकमार्ग निर्माण, तालाबों की खुदाई एवं जीर्णोद्धार, चरागाहों की सुरक्षा के लिए खाई निर्माण और ट्रेंच सहित 375 प्रकार के कार्यों से जुड़ी गतिविधियां संचालित की गईं। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण, ग्रामीण संपर्क मार्गों के विकास और सार्वजनिक उपयोग की परिसंपत्तियों के निर्माण को बढ़ावा दिया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण विकास योजनाओं को गांवों की जरूरतों से जोड़ते हुए रोजगार सृजन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया है। ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजनादृग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाओं के जरिए ग्रामीण परिवारों को रोजगार, आवास, संपर्क मार्ग और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विकसित भारतदृजी राम जी योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी निर्धारित है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, टिकाऊ परिसंपत्तियां विकसित करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए गरीबों, श्रमिकों, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करना है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में `ओपन माइक प्रतियोगिता' का आयोजन

लखनऊ,संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के एलेन (इंग्लिश लिटरेरी एसोसिएशन ऑफ नवयुग) द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, साहित्यिक अभिरुचि एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर 2026 को महाविद्यालय के सभागार में 'ओपन माइक प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के कुल 21 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा छाबड़ा ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी एवं प्रो. मंजुला यादव सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं कार्यक्रम की संरक्षिका प्रो. मंजुला उपाध्याय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने विचारों के प्रति जागरूक रहने, राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर अपनी राय विकसित करने तथा नियमित रूप से पढ़ने और अपने आसपास की घटनाओं के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन को अनेक घटनाएँ और परिस्थितियाँ प्रभावित करती हैं, इसलिए जागरूक एवं विचारशील नागरिक बनना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने स्छ समिति के सदस्यों के प्रयासों और योगदान की सराहना की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कविता, भाषण और हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों, लैंगिक समानता, मानवीय मूल्यों तथा सामाजिक रूढ़ियों पर अपने विचार व्यक्त किए। अरुंधति यादव ने मानवीय समानता और दूसरों का आकलन करने की प्रवृत्ति पर विचार रखे। दीप्ति सेंगर ने अपनी प्रभावशाली आवाज के माध्यम से लैंगिक हिंसा और पीड़ितों को दोषी ठहराने की मानसिकता का विरोध किया। मुस्कान मिश्रा ने श्रीमदभगवद्गीता की शिक्षाओं पर आधारित कविता प्रस्तुत की, जबकि निधि ने गीता के ज्ञान और कर्मनिष्ठा के महत्व को रेखांकित किया। निकिता सिंह ने 'हाँ, मैं लड़की हूँ' कविता के माध्यम से स्त्री की पहचान और आत्मसम्मान को अभिव्यक्त किया। निकिता दीक्षित ने महिलाओं की स्थिति और उनके लिए निर्धारित रूढ़िबद्ध भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। श्रुति ने 'संघर्ष' विषय पर अपने वक्तव्य के माध्यम से चुनौतियों का सामना करने और निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने का संदेश दिया। वर्तिका श्रीवास्तव ने 'परफेक्ट लड़की बनने का दबाव' विषय के माध्यम से समाज की अपेक्षाओं और दूसरों के निर्णयों से उत्पन्न मानसिक दबाव को उजागर किया। वैदेही यादव ने अंग्रेजी भाषा, उच्चारण और उसे सीखने से जुड़े सामाजिक दबावों को एक हास्यपूर्ण कहानी के माध्यम से प्रस्तुत किया। अंशिका सिंह ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से मानवीय मूल्यों के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर नहीं, बल्कि हमारी मानवता खतरे में है। प्रतियोगिता की निर्णायक मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा होती है और आवश्यकता केवल उसे अभिव्यक्त करने के उचित अवसर की है। उन्होंने कहा कि ओपन माइक का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे कविता, कहानी अथवा समसामयिक मुद्दों के माध्यम से अपने विचारों और प्रतिभा को स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने अपनी स्वरचित कविता की भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम के माहौल को और भी जीवंत एवं प्रभावशाली बना दिया। प्रो. मंजुला यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी मंच पर आकर अपने विचारों और प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का साहस दिखाता है, वह अपने आप में विजेता है। मंच पर उपस्थित होना स्वयं में आत्मविश्वास, साहस और रचनात्मकता का परिचायक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के परिणामों में वैदेही यादव एवं निकिता दीक्षित ने प्रथम स्थान, 'शुभी सिंह ने द्वितीय स्थान' तथा 'निधि बाजपेयी ने तृतीय स्थान' प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार मुस्कान मिश्रा, दीप्ति सेंगर एवं दर्शना उपाध्याय को प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता कोतवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा निर्णायक मंडल, प्रतिभागियों, आयोजन समिति और उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. संगीता कोतवाल, प्रो. सीमा सरकार, डॉ. नेहा पांडेय एवं डॉ. रीमा छाबड़ा के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में प्रो. वंदना द्विवेदी, प्रो. विनीता सिंह, सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा सामाजिक विषयों पर स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया।

जमीनी विवाद में चाकू से हमला इलाज के दौरान युवक ने तोड़ा दम

लखनऊ,संवाददाता। बीबीडी स्थित जगपाल खेड़ा में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। 11 अक्टूबर को 50–60 लोग विवादित जमीन पर पहुंचे और बाउंड्री व गेट तोड़ने लगे। विरोध करने पर उन्होंने सतीश यादव, उनके भाई सोनू यादव और बेटे शिवम यादव पर चाकू और लाठी–डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों घायल हो गए। गंभीर हालत में सतीश और शिवम को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह सतीश यादव की मौत हो गई। छोटा भरवारा, गोमती नगर विस्तार निवासी हरिश्चंद्र यादव के मुताबिक, चारों भाइयों की जगपाल खेड़ा में खसरा नंबर 1031 की जमीन है। सभी भाई अपनी–अपनी जमीन पर काबिज हैं। आरोप है कि 11 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे विनोद यादव के कहने पर 50–60 लोग उनकी जमीन पर पहुंचे और बाउंड्री व गेट तोड़ने लगे। सतीश यादव, सोनू यादव और शिवम यादव ने इसका विरोधा किया तो सभी हमलावर हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने तीनों पर जान से मारने की नीयत से चाकू और लाठी–डंडों से हमला किया। वारदात के बाद आरोपी गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

संक्षिप्त

महा आरती, डांस–सिंगिंग प्रतियोगिताओं और आकर्षक उपाधियों ने कार्यक्रम में बांधा समां

लखनऊ,संवाददाता। शहर के सन रिसॉर्ट में 'आवो रे आवो डांडिया उत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती आरती एवं दिवम शर्मा द्वारा किया गया। नवरात्रि के उल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की महाआरती से हुई। तत्पश्चात स्नेहा रस्तोगी ने भारत नाट्यम प्रस्तुत किया इसके पश्चात डांडिया संगीत की धुनों पर सैकड़ों युवक–युवतियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक डांडिया नृत्य के साथ मनोरंजन और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें टंग ट्विस्टर, नृत्य प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर 'डांसिंग क्वीन', 'बेस्ट ड्रेस' सहित विभिन्न आकर्षक उपाधियां भी प्रदान की गईं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश माथुर, मंडलीय वार्डन, नागरिक सुरक्षा, राजाजीपुरम रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. प्रेरणा मित्र, प्रधानाचार्य, एमिटी स्कूलय गौरव ह्यूमन तथा प्रियंका दीक्षित सहित अन्य गणमान्य अतिथि रुचि माथुर, दीपिका, मीनू , डॉ चारू, कादम्बिनी, अर्चना आदि उपस्थित रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजन की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार जताया। डांडिया, संगीत, भक्ति और सामूहिक सहभागिता से परिपूर्ण इस आयोजन ने नवरात्रि के उत्सव को यादगार बनाने का प्रयास किया।कार्यक्रम ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और उत्सवधर्मिता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

पत्रकारों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता–राजेश त्रिवेदी

लखनऊ,संवाददाता। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश स्तर पर तीन नियुक्तियों के साथ ही कई जिलों में गठन की रूपरेखा तैयार की गई है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी ने आगामी वर्ष के लिए प्रदेश सचिव मोहम्मद रशीद का कार्यकाल बढ़ाया गया, जबकि निहाल सिंह जेम्स को पदोन्नत कर प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रदीप त्रिवेदी दीप को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता राकेश कश्यप ने बताया कि खलीक अहमद जाफरी को प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष एवं माइकल पॉल को मण्डल महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह फतेहपुर जनपद के सक्रिय व वरिष्ठ पत्रकार रवि कश्यप को फतेहपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत कर नई जिला इकाई में अनूप कौशल को महासचिव तथा कृष्ण प्रताप सिंह, मैसर अब्बास, हिमांशु सिंह तथा नरेश साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मनीष मिश्रा, अंकुर शुक्ला, आफताब अहमद, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरताज को जिला सचिव तथा राहुल सिंह, जतिन पटेल, योगेन्द्र प्रताप सिंह, नूरूल हक, फैजान जाफरी, मोहम्मद अनीस को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। शानू कुमार को संगठन मंत्री, वसीम शाह राजू को प्रवक्ता तथा अरुण शर्मा, महजबी अंसारी, फरहान मिर्जा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इसके अलावा बाराबंकी में अजय मिश्रा, कानपुर में मो. अकरम अंसारी, गाजियाबाद में समर सिंह राणा को संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी ने कहा है कि कई राज्यों में, खासकर दिल्ली में पत्रकारों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ आंदोलन चलाएगा।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का 18 को लखनऊ में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

लखनऊ,संवाददाता। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यकर्ता सम्मेलन 18 अक्टूबर को लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग के विशवेशवरैया प्रेक्षाग्रह में (राजभवन के सामने) दोपहर 1 बजे आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 18 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे बजे लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग के विशवेशवरैया प्रेक्षाग्रह में (राजभवन के सामने) दोपहर 1 बजे आयोजित होगा। उन्होंने ने बताया कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन मैं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता भाग लेंगे और यह सम्मेलन प्रदेश स्तर का होगा । प्रदेश के सभी जनपदों से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता भाग लेने के लिए पहुंचेंगे। अफजाल ने बताया कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में तालीम, तरक्की और तहजीब पर फोकस किया जाएगा । इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच डॉ. इन्द्रेश कुमार भाग लेंगे। इंद्रेश कुमार द्वारा इस अवसर पर मुस्लिम समाज की कैसे तरक्की हो तालीम व शिक्षा की दुश्वारियां कैसे खत्म हो तथा आपसी भाईचारा कैसे कायम हो आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी देंगे तथा कार्यकर्ता सम्मेलन में इस पर रणनीति बनाई जाएगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के देश व प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे।

पर्यटन मंत्री आज से आगरा, फिरोजाबाद तथा मैनपुरी के भ्रमण पर

लखनऊ,संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 16 अक्टूबर से आगरा, फिरोजाबाद तथा मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। इस अवधि के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शुक्रवार को आगरा में मुख्यमंत्री के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 2 बजे जोगिया के निकट नवनिर्मित मॉ कात्यायनी नवदुर्गा मंदिर हाथरस का शुभारम्भ करेंगे। अगले दिन 17 अक्टूबर को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक ट्रांजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन के सामने मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त वी पैक्स अगौंधा मैनपुरी में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सरकारी समिति लि0 के नये भवन का उद्घाटन करेंगे। अगले दिन रविवार 18 अक्टूबर को कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में पूर्वान्ह 9:30 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आम जनता की समस्याओं की सुनवाई करके स्थानीय प्रशासन को निस्तारण हेतु निर्देश देंगे।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा, बांसी में किया पैदल गश्त

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर : शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव व मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण व सकुशल संपनन् कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत राप्ती नदी घाट स्थित मुख्य विसर्जन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया।राप्ती नदी तट पर पहुंचे डीएम व एसपी ने विसर्जन स्थल पर श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्गों, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन और पार्किंग स्थलों का बारीकी से मुआयना किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि घाटों पर पर्याप्त रोशनी और गोताखोरों की तैनाती समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही विसर्जन मार्गों पर सफाई व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के उपरांत दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कस्बे के प्रमुख बाजारों व संवेदनशील मार्गों पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान व्यापारियों व नागरिकों से संवाद कर शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, उपजिलाधिकारी बांसी विश्वमित्र सिंह, क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेंदु सिंह, प्रभारी निरीक्षक बांसी सहित भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कासिम इंटर कॉलेज में मनी डॉ. कलाम की जयंती, विद्यार्थियों ने सीखे खगोल विज्ञान व साइबर सुरक्षा के गुर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर : भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती गुरुवार को कासिम इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष विज्ञान जागरूकता, करियर मार्गदर्शन और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन 'डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन'और सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में, थाना शिवनगर डिइई पुलिस के सहयोग से किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और उन्हें जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाना था। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने सुरक्षित सोलर फिल्टर व सोलर बबल तकनीक के जरिए सूर्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इसके साथ ही रॉकेट प्रौद्योगिकी, उपग्रह और अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े भविष्य के करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने डॉ. कलाम के जीवन संघर्ष व विचारों से सीख लेकर अनुशासन और निरंतर अध्ययन के जरिए सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। शिवनगर डिइई थाने की पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर व व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड व निजी डेटा की गोपनीयता, फर्जी लिंक व संदिग्ध संदेशों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन और कानूनी सहायता लेने के तौर-तरीके समझाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद सोहब, फाउंडेशन समन्वयक राजनारायण, आदर्श मणि, उपनिरीक्षक संजय राय, चंद्रशेखर यादव, महिला मुख्य आरक्षी नीलम शुक्ला, आरक्षी बृजेश यादव, महिला आरक्षी प्रतिमा दूबे, रोशनी शुक्ला, शिवानी और पंकज राम सहित समस्त शिक्षकगण व छात्र उपस्थित रहे।

राजकीय आश्रम पदयति कॉलेज बिशुनपुर विश्राम में कैरियर गाइडेन्स व साइबर सुरक्षा कार्यशाला



कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 15/10/2026 को मिशन शक्ति के छठे चरण के अंतर्गत थाना पचपेड़वा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कॉलेज विशुनपुर विश्राम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना कैरियर गाइडेंस प्रोगाम के तहत छात्राओं को काउंसलर आदित्य त्रिपाठी के द्वारा संघ लोक सेवा आयोग ,उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, यूपीएससी,नीट,एनडीए, सीडीएस, बैंकिंग ,एसएससी ,बीएड,टीईटी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इसी क्रम में साइबर सुरक्षा के संबंध में कार्यशाला का प्रसारण उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑफिशियल/सोशल मीडिया चैनल पर प्रसारित करते हुए लिंक के माध्यम से स्कूल में प्रसारण कराया गया।

गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत दिनांक 23 अक्टूबर को होगा मतदान

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जनपद में निर्धारित कुल 10 मतदेय स्थलों पर दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान संपनन् कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि मतदान समाप्त होने के उपरांत पीठासीन अधिकारियों द्वारा मतदान में प्रयुक्त सील्ड मतपेटिकाओं, संविद एवं असंविद प्रशनें सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक अभिलेखों के लिफाफों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से संकलित किया जाएगा।मतदान के उपरांत सील्ड मतपेटिकाओं एवं अभिलेखों के सुरक्षित संकलन की व्यवस्था

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारियों द्वारा लाई जाने वाली सील्ड मतपेटिकाओं तथा निर्वाचन संबंधी अभिलेखों को न्यायालय जिलाधिकारी कक्ष, कलेक्ट्रेट बलरामपुर में तहसीलदार बलरामपुर की अभिरक्षा में रखा जाएगा।इसके उपरांत सभी पोलिंग पाटिन्यों की वापसी सुनिश्चित होने पर सील्ड मतपेटिकाओं एवं गोपनीय अभिलेखों सहित निर्वाचन संबंधी सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे भेजने की कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि समस्त निर्वाचन सामग्री को पीठासीन अधिकारियों तथा नियुक्त मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सशस्त्र पुलिस बल की अभिरक्षा में आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर/रिटर्निंग ऑफिसर, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा निर्धारित स्थल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर स्थित वाणिज्य संकाय भवन में दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को जमा कराया जाएगा।

सिद्धार्थनगर में आगामी चुनाव हेतु ईवीएम की एफएलसी जांच का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगरः आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच शुरू हो गई है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस पूरी प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के कड़े निर्देशों के अनुसार यह कार्य 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया जा रहा है। जांच के दौरान मशीनों में डमी निर्वाचन चिह्न अपलोड कर उनकी सक्रियता और तकनीकी स्थिति की जांच की जा रही है। जांच में सही पाई जाने वाली मशीनों का डेटा आयोग के ईएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, जबकि खराब मशीनों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत निर्माता कंपनी को वापस भेजा जाएगा।प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों का आईपी एड्रेस मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भी उपलब्ध करा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़, सिंचाई निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और विभिनन् राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कृषि भवन सभागार में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन, प्रगतिशील महिला कृषकों को किया गया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर -: कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महिला किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, श्रीअनन् उत्पादन, बागवानी तथा कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही है। इसी योगदान को सम्मान देने, महिला किसानों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें कृषि की नवीन तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आज कृषि भवन सभागार, रामपुर फार्म, कुशीनगर में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया।संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में घोषित किए जाने के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिनन् विकास खंडों से आईं महिला कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. अरुण प्रताप सिंह तथा गनन विभाग के एससीडीआई अखिलेश्वर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों एवं प्रगतिशील महिला किसानों का स्वागत करते हुए कृषि क्षेत्र में महिलाओं के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रगतिशील महिला कृषक श्रीमती ललिता सिंह, श्रीमती उर्मिला देवी, श्रीमती अंजलि पाण्डेय, श्रीमती जैवून, श्रीमती सरोज देवी एवं श्रीमती शिवानी द्विवेदी ने अपने कृषि कार्यों, नवाचारों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने खेती-किसानी में आने वाली चुनौतियों तथा बेहतर उत्पादन एवं आय वृद्धि के लिए अपनाए जा रहे उपायों पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान सहायक विकास अधिकारी (कृषि) फाजिलनगर श्रीमती प्रीति सिंह ने प्रगतिशील महिला कृषकों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती और श्रीअनन् से आय बढ़ाने पर जोरङ कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. अरुण प्रताप सिंह ने महिला किसानों को कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, श्रीअनन् के उत्पादन तथा औद्यानिक फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादों को प्रसंस्कृत कर बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने तथा उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करने से महिला किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती हैं।

गनन् की पौध तैयार करने में महिला स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिकाङ गनन विभाग के एससीडीआई श्री अखिलेश्वर सिंह ने गनन् की उनन्त पौध तैयार करने एवं बीज विस्तार के कार्यों में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लगभग 1.5 लाख गनन् की पौध तैयार की जा रही है। गनन विभाग और चीनी मिलों के संयुक्त प्रयास से गनन् की गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार कराई जाती है, जिससे बीज प्रतिस्थापन दर में सुधार और उनन्त पौध की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलती है। महिला किसानों को अनुदान पर पौध उपलब्ध कराने की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी गई।

महिला किसान ग्रामीण भारत की रीढ़, आधुनिक तकनीकों से खुलेंगे आत्मनिर्भरता के नए अवसरङ उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिनन् योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला किसानों से इनका लाभ उठाने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला किसान बहनें ग्रामीण भारत की रीढ़ हैं। वे न केवल परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, बल्कि कृषि उत्पादन, पशुपालन, बागवानी और कृषि आधारित उद्यमों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि आज महिला किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक खेती और कृषि उद्यमिता को अपनाते हुए कुशीनगर को नई पहचान दे रही हैं। महिला किसानों के अनुभव, परिश्रम और नवाचार कृषि क्षेत्र की प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य उनके योगदान को पहचान देना, उन्हें सम्मानित करना, नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक करना तथा सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी आय एवं आजीविका को सुदृढ़ बनाना है।

कार्यक्रम के माध्यम से महिला किसानों को कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने, नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने तथा अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, कृषि विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं महिला किसान बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में 192 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस



बलरामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद बलरामपुर में गुरुवार को माया होटल में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनपद के विभिनन् विकास खंडों एवं नगरीय निकायों से आए कुल 192 पात्र जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों एवं पारंपरिक विधि-विधान के अनुरूप संपनन् कराया गया।इङ सामूहिक विवाह समारोह नवविवाहित जोड़ों एवं उनके परिजनों के लिए खुशियों और उत्साह का अवसर बना।

समारोह में मा0 विधायक बलरामपुर सदर श्री पल्टूराम एवं अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गई। माननीय विधायक श्री पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल बताते हुए कहा कि योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किए जाने के साथ ही सामाजिक समरसता एवं सादगीपूर्ण विवाह की भावना को प्रोत्साहन मिल रहा है।

जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह समारोह की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, नवविवाहित जोड़ों से किया संवाद

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा सामूहिक विवाह समारोह स्थल का भ्रमण कर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने विवाह की व्यवस्थाओं, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा नवविवाहित जोड़ों एवं उनके परिजनों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित नवविवाहित जोड़ों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा कार्यक्रम में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नवदंपतियों को उनके वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सभी लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में पात्रता, पारदर्शिता एवं लाभार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह संबंधी आर्थिक चिंताओं से राहत प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना न केवल जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती है, बल्कि सामूहिक विवाह की परंपरा के माध्यम से सामाजिक समानता, आपसी सद्भाव एवं सादगीपूर्ण विवाह को भी बढ़ावा देती है।

इस योजना के अंतर्गत विभिनन् समुदायों के पात्र जोड़ों का विवाह उनकी धार्मिक मान्यताओं एवं परंपराओं के अनुरूप संपनन् कराया जाता है। इससे समाज में एकता, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता की भावना को बल मिलता है।माया होटल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक साथ 192 जोड़ों के वैवाहिक जीवन की शुरुआत हुई। नवविवाहित जोड़ों एवं उनके परिजनों के लिए यह अवसर विशेष रहा। समारोह के दौरान नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए गए।जिला प्रशासन बलरामपुर द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद में 192 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपनन् होना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नरेश टिकैत ने सीएम योगी को लिखा पत्र,एनएचएम संविदा कर्मियों का उत्पीड़न नहीं रुका तो सड़कों पर उतरेगी भाकियू



मुजफ्फरनगर।प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत का समर्थन मिल गया है।टिकैत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए उन्हें तत्काल पूरा करने और उनके खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई रोकने की मांग की है।उन्होंने चेतावनी दी कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो भाकियू उनके समर्थन में सड़कों पर उतरेगी।मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि महंगाई के दौर में कम मानदेय पर काम कर रहे संविदा कर्मचारियों के मानदेय में सम्मानजनक एवं समान रूप से वृद्धि जरूरी है ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें।उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का आंदोलन राजनीतिक नहीं बल्कि उनके जायज अधिकारों और भविष्य से जुड़ा है।सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर सकारात्मक निणय लेना चाहिए।टिकैत ने प्रशासन से दमनात्मक कार्रवाई के बजाय बातचीत के जरिए समस्या सुलझाने का आग्रह किया।उधर संविदा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार सातवें दिन भी जारी रहा।भारी बारिश के बावजूद कर्मचारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरने में डटे रहे।जिलाध्यक्ष डा0 सचिन जैन ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण,समान कार्य के लिए समान वेतन,मानदेय में वृद्धि और अन्य लंबित समस्याओं का समाधान शामिल है।लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं मिलने से कर्मचारियों में रोष है।डा0 सुदेश वर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से कार्रवाई संबंधी पत्र जारी होने के बावजूद कर्मचारियों की एकजुटता कायम है।उन्होंने कहा कि कर्मचारी शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं,इसलिए प्रशासन को दमनात्मक कदम उठाने के बजाय संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए।स्टाफ नर्स डिंपल ने बताया कि आंदोलन के दौरान आपातकालीन सेवाएं फिलहाल बहाल रखी गई हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी कर आंदोलन दबाने का प्रयास किया गया तो संघर्ष और व्यापक हो सकता है।चौधरी नरेश टिकैत के मुख्यमंत्री को पत्र लिखने और सड़क पर उतरने की चेतावनी से आंदोलन को भाकियू का समर्थन मिला है। अब कर्मचारियों की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।धरने में डॉ. सचिन जैन,डॉ. राहुल वर्मा,डॉ. शमशेर,डॉ. विजीत,डॉ. रमाशंकर,जुनैद,रवि कुमार,लवलेश,डॉ. देवेंद्र, डॉ. प्रवीण,डॉ. सुधा,डॉ. वेद भूषण,डॉ. चेतन, डॉ. विकास,समीना नाज,निर्मला चौधरी, एहतेशाम,डॉ. गौरव,डॉ. आमिर,हिमांशु त्यागी और राकेश सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी – जिलाधिकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों, न्यायालयों में लंबित वादों, आईजीआरएस, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं, लंबित वादों के निस्तारण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा अंश निर्धारण की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की गहन जांच कर सभी पात्र किसानों एवं उनके आश्रितों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के नियमानुसार लाभान्वित करने पर जोर दिया।

रियल टाइम खतौनी से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अभिलेखों के अद्यतीकरण की प्रक्रिया में पूर्ण शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों में शुद्धता बनाए रखना और संबंधित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जीएसटी, बैंक देय, विद्युत देय, परिवहन एवं खनन सहित विभिनन् विभागों से संबंधित बकाया धनराशि की नियमित एवं प्रभावी समीक्षा करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरसी के माध्यम से की जाने वाली वसूली में अमीनों की कार्यप्रणाली पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा वसूली की प्रगति की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय से प्राप्त किए जा सकें।न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश एवं सीमांकन, धारा 67 के अंतर्गत अतिक्रमण एवं अनधिकृत कब्जे से संबंधित मामलों तथा धारा 116 के अंतर्गत कुर्रा एवं बंटवारे से संबंधित वादों सहित अन्य लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पैमाइश के उपरांत पत्थर नसब किए जाने के बाद यदि कोई व्यक्ति पत्थर उखाड़ता है या उसमें छेड़छाड़ करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में लंबित न रहने पाए। उन्हों ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए शिकायतों का प्रभावी समाधान करने पर विशेष जोर दिया।

मतदाता जागरूकता अभियान में एसडीएम ने स्वच्छ लोकतंत्र के लिए आवश्यक रूप से मतदान करने पर दिया जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बिधूना कस्बे के अछल्दा रोड स्थित द्वारिका प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मौके पर उप जिलाधिकारी बिधूना कमल कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता द्वारा मतदान किया जाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में मताधिकार मतदाता का सबसे बड़ा अधिकार है और इस मताधिकार के प्रयोग से मतदाता अपने मन मुताबिक सरकार चुनते हैं और इससे ही देश के सर्वांगीण विकास की अपेक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं युवाओं की जिम्मेदारी है कि वह लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में आवश्यक रूप से मतदान में सहभागिता करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी का भी निर्वहन करें। उप जिलाधिकारी कमल कुमार सिंह ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में छात्र-छात्राएं युवा एक मजबूत कड़ी है ऐसे में उन्हें पूर्ण आशा है कि छात्र-छात्राएं संकल्प के साथ अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक विश्वेश्वर दयाल तिवारी, उपप्रबंधक आशीष तिवारी, प्राचार्य डॉ विवेक दुबे के साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक शिशक्षिकाएं छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

परिवारिक विवाद में लाठी-डंडे, बेलचा व कुल्हाड़ी से हमले का आरोप, महिला- पुरुष समेत कई घायल

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बिधूना कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर भानू गांव में खेतों में सिंचाई और कृषि कार्य के दौरान एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। घटना में महिला व पुरुषों समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है, वही प्राथमिक उपचार के बाद इनमें से कई घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर भानू में रणधीर व सुधीर के परिवारों के बीच खेतों में सिंचाई और कृषि कार्य के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई और विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे बेलचा और कुल्हाड़ी से शुरू हुई मारपीट खूनी संघर्ष में बदल गई।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के पुरुषों के साथ कई महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए बिधूना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, वहीं इनमें से कई घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत वेा चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बिधूना कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

स्वास्थ्य शिविर में 213 लोगों ने कराया परीक्षण निःशुल्क दवाओं का किया वितरण

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को कस्बे के पुराने सरकारी अस्पताल में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।शिविर में डॉ. साधना यादव ने 213 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित कीं।शिविर में बुखार, खांसी-जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर और एलर्जी से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सक ने मरीजों की जांच करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। शिविर में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय आनंद ने बताया कि शासन के निर्देश पर सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और बीमारियों के प्रति जागरूक करना है, जिससे लोगों को समय पर जांच और उपचार मिल सके। शिविर में डॉ. अरुण गुप्ता, ह्रदेश गुप्ता, अंशु शाक्य, नागेंद्र शंखवार, उपेंद्र कुमार, मंजेश कुमारी और मनीषा देवी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की सभा में उड़ी चुनाव आचार संहिता की धज्जियां:डॉ मानसिंह यादव

शिक्षकों, कर्मचारियों को पत्र जारी कर बुलाने का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। गुरुवार को मुख्यमंत्री की सभा में चुनाव आचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाये जाने का आरोप लगाते हुए स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित मुख्यमंत्री की जनसभा में शिक्षकों, कर्मचारियों को विभागीय अधिकारियों ने पत्र भेजकर बुलाया था। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बुलाई सभा में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है।सपा प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने और कार्रवाई की मांग की है।

माफिया मिट्टी में मिले, सुरक्षित माहौल में यूपी प्रगति पर: सीएम योगी

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। गवर्नमेंट प्रेस मैदान में गुरुवार को इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा आती है तो माफिया और बदमाश लेकर आती है, भाजपा आती है तो विकास और बदलाव लेकर आती है। एक समय माफिया के कारण प्रयागराज की छवि धूमिल हुई थी, आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं और सुरक्षित माहौल के कारण राज्य प्रगति के पथ पर है। सीएम योगी ने कहा कि पहले नौकरी का विज्ञापन नहीं निकलता था, निकलता भी था तो पैसे देकर नियुक्ति होती थी। सपा की चार बार की सरकार में कोई नियुक्ति पारदर्शी नहीं थी। भाजपा सरकार ने 2017 से 2026 तक चार गुना ज्यादा, 9 लाख नौकरियां दी हैं। सभी भर्तियां पारदर्शिता से हो रही हैं। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से विधान परिषद चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

तीसरी बार सरकार बनाने का संकल्प लें कार्यकर्ता: केशव मौर्य

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा स्नातक की सभी 11 सीटों पर हार रही है। यह सीट परंपरागत रूप से भाजपा की है। माफिया सरदार जिसने गरीबों की जमीन कब्जा की थी, आज वहां आवास बन रहा है। कार्यकर्ता तीसरी बार सरकार बनाने का संकल्प लें। सम्मेलन का संचालन काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर और जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने सीएम योगी को गदा भेंट कर स्वागत किया।मंच पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक पूजा पाल, दीपक पटेल, हर्षवर्धन बाजपेयी सहित कई नेता मौजूद रहे।

एक साल से फरार शातिर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जीआरपी फफूंद पुलिस ने बुधवार को एक साल से फरार चल रहे शातिर वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।जीआरपी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त जितेंद्र कुमार उर्फ निक्सी कोरी पुत्र सत्यनारायण निवासी अबावर, थाना दिबियापुर है। वांछित आरोपी चोरी के एक मामले में पिछले एक साल से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इस पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

सपा कार्यालय में मनाई गई डॉ. कलाम की जयंती, अर्पित किए श्रद्धासुमन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर जॉर्ज टाउन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, परिश्रम और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक



पहुंचने वाले कलाम ने मिसाइल और अंतरिक्ष अनुसंधान में अतुलनीय योगदान दिया, इसलिए उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया कहा जाता है। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि डॉ. कलाम मानते थे कि देश का भविष्य बच्चों और युवाओं में है। उनका जीवन बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देता है। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि राष्ट्रपति रहते हुए भी डॉ. कलाम ने सादगी और जनसरोकारों को सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम में सपा नेताओं ने डॉ. कलाम के आदर्शों को आत्मसात कर शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।? इस मौके पर प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविंद्र यादव, मेजर दिनेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, दिलीप सोनी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रीराम पॉलीटेक्निक में मनाया प्रेरणा दिवस, इंजीनियर्स क्लब का 25वां आयोजन,मिसाइल मैन डा0 कलाम के आदर्शों पर चलने का आह्वान


प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।श्रीराम पॉलीटेक्निक रुड़की रोड एवं इंजीनियर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डा0 एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके जीवन,संघर्ष, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में योगदान से परिचित कराते हुए बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने के लिए मेहनत,अनुशासन और नवाचार अपनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में डा0 कलाम के जीवन पर आधारित वीडियो क्लिप दिखाई गई तथा विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।वक्ता तानिया मित्तल ने डा0 कलाम के व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा अभियंताओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर तकनीकी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इंजीनियर्स क्लब के सचिव इं. बसंत कुमार गोयल ने बताया कि संस्था वर्ष 2002 से प्रेरणा दिवस मना रही है और इस वर्ष इसका 25वां आयोजन किया गया।संस्थान के प्रधानाचार्य डा0 अश्विनी कुमार ने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल, नैतिक मूल्यों और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन एप्लाइड साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष स्नेहलता गर्ग ने किया।

क्विज प्रतियोगिता में सम्मानित विद्यार्थियों में सार्थक और कार्तिक (फिटर ट्रेड, प्रथम वर्ष), मानसी पुंडीर (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग,प्रथम वर्ष), सूर्य सिंह तोमर और अक्षत सैनी (कंप्यूटर साइंस,प्रथम वर्ष) तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी फहद का नाम शामिल है।तकनीकी शिक्षा में योगदान के लिए इं. स्नेहलता गर्ग,इं. छवि,इं. शुभम गुप्ता और इं. जॉनी कुमार सहित इंजीनियर शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।श्रीराम पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई के विद्यार्थियों और इंजीनियर्स क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संस्थान के शिक्षकों एवं संकाय सदस्यों को भी शैक्षणिक योगदान के लिए प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डा0 कलाम के आदर्श अपनाकर शिक्षा,विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया गया।



पुलिस मॉडर्न स्कूल में ऑनलाइन साइबर सुरक्षा कार्यशाला, विद्यार्थियों को किया जागरूक-थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस मॉडर्न स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता को लेकर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एसपी सिटी बबीता सिंह, सीओ सिटी अवनीश कुमार, महिला थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह तथा साइबर थाना पुलिस के सहयोग से विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सतर्कता बरतने, अपनी निजी जानकारी गोपनीय रखने तथा साइबर ठगी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने के बारे में बताया गया।पुलिस का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के प्रति जागरूक करना और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सतर्क नागरिक तैयार करना है।

जेवी पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डा0 कलाम की जयंती प्रेरणा दिवस पर सजे विज्ञान के मॉडल, विद्यार्थियों ने ग्रीन एनर्जी का दिया संदेश

प्रातः काल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। जेवी पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा0 एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर प्रेरणा दिवस मनाया गया इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग पर आधारित मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई।इसमें विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के साथ बीटेक, पॉलिटेक्निक और आईटीआई के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंचल सक्सेना,डायरेक्टर एसडी पब्लिक स्कूल ने फीता काटकर तथा डा0 कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर भविष्य में ऊर्जा संकट से निपटने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपाय बताए।प्रतियोगिता के ग्रुप-अ में एमजी पब्लिक स्कूल ने प्रथम,हिमालयन पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा होली एंजिल्स कॉन्वेंट स्कूल और शारदेन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।ग्रुप-ब में गांधी पॉलिटेक्निक ने प्रथम,आईटीआई मोरना ने द्वितीय तथा आईटीआई मुजफ्फरनगर ने तृतीय स्थान हासिल किया।प्रतिभागी विद्यालयों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।मॉडलों का मूल्यांकन संजय कुमार,अविनाश कुमार त्यागी और डा0 सुभाष कुमार ने किया।अतिथियों ने डा0 कलाम के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा और प्रीति यादव ने संयुक्त रूप से किया।प्रधानाचार्य वीएस वर्मा ने अतिथियों, निर्णायक मंडल,विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार जताया।

ट्रैफिक पुलिस मुजफ्फरनगर ने भावनात्मक संदेश से वाहन चालकों को किया जागरूक,सुरक्षित सफर पर दिया जोर

'जल्दी किस बात की है? घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है'

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।'ऑफिस से घर ही तो जा रहे हो, जल्दी किस बात की है?' मुजफ्फरनगर यातायात पुलिस का यह संदेश वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें अपनों की याद दिला रहा है।एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे से जुड़े इस संदेश के माध्यम से लोगों से जल्दबाजी छोड़कर सुरक्षित घर पहुंचने की अपील की गई है।संदेश में कहा गया है कि कुछ मिनट पहले घर पहुंचने की जल्दबाजी जिंदगीभर का दर्द दे सकती है। दिनभर काम करने के बाद घर लौट रहे व्यक्ति का परिवार बेसब्री से इंतजार करता है।ऐसे में तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी कर खुद की और दूसरों की जिंदगी खतरे में डालना समझदारी नहीं है।एसएसपी सूरज कुमार राय और डीएम उमेश मिश्रा ने भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर दिया है।वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनने,चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई है।यातायात पुलिस का संदेश है कि सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाना हर नागरिक का कर्तव्य है। सुरक्षित सफर केवल चालक ही नहीं,बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जिंदगी के लिए भी जरूरी है।यातायात पुलिस की अपील है कि रफ्तार पर नियंत्रण रखें, नियमों का पालन करें और याद रखें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है।देर से पहुंचना मंजूर है, लेकिन सुरक्षित पहुंचना जरूरी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत परिवहन जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों से किया संवाद

पेट्रोल पंप पर बांटे पंपलेट, पार्क में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की परिवहन संबंधी समस्याएं सुनकर किया निराकरण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग की ओर से शहर में परिवहन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 17 सितंबर 2026 से प्रारंभ हुआ यह अभियान अब समापन की ओर है। अभियान के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजन को परिवहन सुविधाओं, यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के अंतिम चरण में सीपरी बाजार स्थित एक पेट्रोल पंप पर संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। क्षेत्राधिकारी यातायात मुकेश कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर चुघ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आरआई राघव कुशवाहा, टीआई मुकेश कुमार तथा सारंग चुघ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान आम नागरिकों को परिवहन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देने वाले पंपलेट वितरित किए गए और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया।इससे पूर्व महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध परिवहन सुविधाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से पार्क में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ नागरिकों को एकत्रित कर उनकी परिवहन संबंधी समस्याओं और कठिनाइयों को सुना गया। संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण का प्रयास करते हुए उन्हें उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

सेवा संकल्प अभियान के अंतिम जनजागरूकता चरण में बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और ऑनलाइन माध्यमों से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही अभियान के दौरान किए गए कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित कर अधिक से अधिक लोगों तक परिवहन संबंधी जानकारियां पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रमों का संयोजन ट्रैफिक चीफ वार्डन एवं सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य डॉ. प्रगति शर्मा ने किया। इस अवसर पर ट्रैफिक वार्डन एवं सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य दीपशिखा शर्मा, बालकवि निष्कर्ष शर्मा, ए.के. सिंह, आर.आर. तिवारी, ए.एन. चक्रवर्ती, हेमलता शर्मा, अजय तिवारी, डॉ. आनंद खरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रगति शर्मा ने किया, जबकि आभार राजीव बब्बर एवं ए.के. सिंह ने व्यक्त किया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में दहेज विरोधी जागरूकता संगोष्ठी,

विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से दिया दहेज मुक्त समाज का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। आधुनिक और शिक्षित समाज में भी दहेज जैसी कुप्रथा का बने रहना गंभीर चिंता का विषय है। दहेज प्रथा न केवल महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक विकास में भी बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन के लिए समाज की सोच में बदलाव और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

यह विचार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के महिला अध्ययन केंद्र एवं अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित दहेज विरोधी जागरूकता संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं महिला अध्ययन केंद्र की नोडल अधिकारी तथा हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अचला पाण्डेय के निर्देशन में किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. राधिका चौधरी ने कहा कि आधुनिक युग में भी समाज ऐसी कुप्रथाओं में जकड़ा हुआ है, जो मानवीय गरिमा को ठेस पहुँचाती है। दहेज प्रथा महिलाओं के प्रति भेदभाव और उत्पीड़न को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए केवल कानून ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और मानसिकता में परिवर्तन भी आवश्यक है।

डॉ. निष्ठा व्यास ने कहा कि दहेज प्रथा महिलाओं के सम्मान और समानता की भावना के विरुद्ध है। बेटियाँ किसी परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान देकर ही एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण किया जा सकता है।

डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव ने कहा कि दहेज जैसी कुप्रथाएँ समाज की प्रगति में बाधक हैं। जब तक समाज ऐसी रूढ़िवादी मानसिकता से मुक्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक सामाजिक विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थिन्यों से दहेज प्रथा के विरोध में आगे आने और समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थिन्यों ने दहेज मुक्त समाज, महिला सम्मान और लैंगिक समानता से संबंधित जागरूकता पोस्टर प्रस्तुत कर सामाजिक



परिवर्तन का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पा मिश्रा ने किया, जबकि अंत में श्री भूपेन्द्र मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. गजाला अहमद, डॉ. जूही गोविंदानी, डॉ. ज्योति चंदेल, डॉ. अमीषा माहुने, डॉ. बबीता सिंह, श्रीमती गुंजा चतुर्वेदी, प्रियल चतुर्वेदी, ऋतिक पटेल सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

विद्यार्थिन्यों में रुफिया अली, नैंसी यादव, सौम्या चौरसिया, ऋषिका अग्रवाल, वैष्णवी, अमन कुमार, प्रवीण सागर, अरुण चंदेल, हिमांशु, आदर्श, निधिका, आयुष सिंह, वर्षा दुबे, अनुज यादव, अनिकेत जैन, श्रुति प्रकाश, कशिश अग्रवाल, एकता सोलंकी, जेवा अंजाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

17 और 24 अक्टूबर को लगेंगे मतदाता पंजीकरण के विशेष कैंप, हर बूथ पर बनेगी हेल्प डेस्क

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे बीएलओ, नए मतदाता बनने के लिए भरना होगा फार्म-6

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। जनपद में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के लिए 17 एवं 24 अक्टूबर को विशेष पंजीकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित इन कैंपों में जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी बूथों पर कैंप आयोजित कराने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निर्देशों के क्रम में मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 17 अक्टूबर (शनिवार) और 24 अक्टूबर (शनिवार), 2026 को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। कैंप में मतदाता पंजीकरण के लिए पर्याप्त संख्या में फार्म-6 उपलब्ध कराए जाएंगे।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के इच्छुक पात्र नागरिकों को फार्म-6 के साथ नवीनतम फोटो तथा जन्मतिथि और पते से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर बनाई जाने वाली हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को फार्म भरने और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने में सहायता दी जाएगी। कैंप में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण भी किया जाएगा, ताकि निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के दौरान रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराया जा सके।

अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शत-प्रतिशत बूथों पर कैंप आयोजित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके साथ ही डुगडुगी बजवाकर और अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को कैंप की तिथियों की जानकारी देने पर जोर दिया गया है। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को भी कैंपों के संबंध में सूचित किया जाएगा।

विशेष कैंपों की निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं बूथों का पर्यवेक्षण करेंगे। वहीं, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी अभियान की निगरानी और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदनों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के साथ आपसी समन्वय बनाए रखें, ताकि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 17 और 24 अक्टूबर को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जांचें। यदि नाम सूची में शामिल नहीं है और वे निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं, तो फार्म-6 भरकर पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है।

स्नातकों के साथ हुए छलावे का मुद्दा उठा, डॉ. विक्रम पटेल ने शिवशंकर पटेल के समर्थन में किया जनसंपर्क

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल के समर्थन में डॉ. विक्रम पटेल ने जनसंपर्क कर सनतक मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सनतक वर्ग की समस्याओं, अधिकारों और प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सनतक मतदाता अपनी समस्याओं के समाधान और अधिकारों की प्रभावी पैरवी की अपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कई मामलों में निराशा का सामना करना पड़ा है।डॉ. विक्रम पटेल ने कहा कि सनतक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह शिक्षित बेरोजगारों, युवाओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को सदन में उठाए। सनतकों के साथ पूर्व में हुए कथित छलावे और उनकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने के मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय है कि सनतक वर्ग अपने अधिकारों, रोजगार और भविष्य से जुड़े सवालों पर गंभीरता से विचार करे।उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हितों और शिक्षित युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इन विषयों पर लगातार आवाज उठाने और संबंधित मंचों पर पैरवी करने की आवश्यकता है। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से संवाद स्थापित कर शिवशंकर पटेल की उम्मीदवारी और उनके द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों पर चर्चा की गई।शिवशंकर पटेल के समर्थन में जुटे लोगों ने कहा कि सनतक निर्वाचन केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि शिक्षित वर्ग के अधिकारों, रोजगार, पुरानी पेंशन बहाली और संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है। सनतकों को अपने प्रतिनिधि से जवाबदेही और निरंतर सक्रियता की अपेक्षा है। इसी उद्देश्य से मतदाताओं के बीच पहुंचकर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के साथ बैठक एवं जनसंपर्क, फतेहपुर में संवाद, कौशांबी में मतदाताओं से संपर्क और इलाहाबाद में बैठक प्रस्तावित थी। जनसंपर्क के दौरान समर्थकों ने शिवशंकर पटेल के पक्ष में समर्थन जुटाते हुए कहा कि इस बार सनतकों को अपने हितों की रक्षा करने वाला प्रतिनिधि चुनने का अवसर मिला है। उनका कहना था कि सनतकों की आवाज को मजबूती देने के लिए जरूरी है कि मतदाता अपने अधिकारों, समस्याओं और भविष्य को प्राथमिकता दें।

थानों में सुनवाई नहीं, कप्तान-आईजी के दरबार में फरियादियों का जमावड़ा

आईजीआरएस में अव्वल झांसी की जमीनी हकीकत पर सवाल, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़त

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। थानों में सुनवाई न होने की शिकायतें पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंचने वाले पीड़ित जब निराश होते हैं, तो उन्हें न्याय की आस में पुलिस कप्तान और आईजी के दरबार तक पहुंचना पड़ता है। लेकिन यहां भी यदि उन्हें दोबारा संबंधित थाने जाने की सलाह मिल जाए, तो सवाल उठता है कि आखिर पीड़ित अपनी फरियाद लेकर जाए तो कहां जाए?

एक ही समस्या के लिए थाने से लेकर उच्चाधिकारियों के कार्यालयों तक चक्कर काटना आम नागरिक की परेशानी बढ़ाता है। सवाल यह भी है कि जब कोई पीड़ित थाने में सुनवाई न होने की शिकायत लेकर आला अधिकारियों तक पहुंचता है, तो उसकी समस्या की स्वतंत्र समीक्षा क्यों नहीं की जाती? क्या संबंधित थाना स्तर पर जवाबदेही तय होती है या फरियादी को फिर उसी व्यवस्था के हवाले कर दिया जाता है, जिससे निराश होकर वह बाहर निकला था?

दूसरी ओर, आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में झांसी के प्रदेश में अव्वल रहने के दावे किए जाते हैं। ऐसे में सवाल है कि रैंकिंग बेहतर होने के बावजूद फरियादियों को अधिकारियों के दरबार तक क्यों पहुंचना पड़ रहा है? शिकायत निस्तारित दर्ज होना और पीड़ित को वास्तविक न्याय मिलना दो अलग-अलग बातें हैं।यदि आईजीआरएस पर निस्तारित शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क कर पूछा जाए कि उनकी समस्या वास्तव में हल हुई या नहीं, तो निस्तारण की जमीनी स्थिति स्पष्ट हो सकती है। जरूरत है कि केवल पोर्टल के आंकड़ों पर भरोसा करने के बजाय शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी कसौटी बनाया जाए।

अब सवाल पुलिस के आला अधिकारियों से है कि थानों में सुनवाई सुनिश्चित करने और बार-बार चक्कर काटने को मजबूर फरियादियों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? क्योंकि पुलिस की सफलता केवल रैंकिंग से नहीं, बल्कि पीड़ित को मिलने वाले न्याय से तय होती है। कागजों पर निस्तारण के दावे अपनी जगह, लेकिन फरियादी की समस्या का समाधान ही पुलिस की असली परीक्षा है।

हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा, झांसी में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल भंडारा संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों से झांसी का वातावरण भक्तिमय हो उठा, जब श्री खाटू श्याम जी की असीम कृपा से विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपनन हुआ। भंडारे का आयोजन विकास भवन के सामने स्थित आईएमए भवन के मुख्य द्वार पर किया गया, जिसमें सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।



भंडारे से पूर्व सदर बाजार स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा बाबा को भोग लगाकर प्रसाद अर्पित किया गया। इसके पश्चात भंडारे का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया और बाबा श्याम से परिवार की सुख-समृद्धि, नगर की खुशहाली एवं सभी के कल्याण की कामना की।

इस धार्मिक आयोजन में झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी, भाजपा नेता संतराम पेंटर, नेशनल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनंदन जैन, समाजसेवी संदीप नामदेव, धर्मेंद्र खटीक एवं राजू सेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार शर्मा, आर.के. सेन, मोहनलाल भारती, पंकज जैन, उपांस जैन, सियाराम सिंह, अरविंद सैन, शेख साहब, मुकेश सैन एवं उमेश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। महिला शक्ति की ओर से सोनम जैन, साधना जैन, राजेश्वरी, नेशनल पत्रकार एसोसिएशन महिला सभा की झांसी मंडल अध्यक्ष रचना तथा रामवती सिंह सेंगर सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

आयोजन समिति ने बताया कि बाबा खाटू श्याम की कृपा और आशीर्वाद से प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करते है। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजसेवियों, पत्रकार बंधुओं एवं श्याम प्रेमियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

खाद्य अपशिष्ट से पौष्टिक उत्पाद, एआई से अनाज की सफाई के मॉडल किए प्रस्तुत

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार और उद्यमिता की प्रतिभा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। खाद्य अपशिष्ट से पौष्टिक उत्पाद बनाने से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से अनाज की सफाई तक, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थिन्यों ने खाद्य क्षेत्र की चुनौतियों के अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। विश्व खाद्य दिवस 2026 के उपलक्ष्य में इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेकनेलॉजी एवं आईईटी के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'इनोवेट टुडे, नरिश टुमॉरो' थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थिन्यों ने स्टार्टअप आइडिया, आधुनिक तकनीक और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आईईटी के निदेशक एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेकनेलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. डी.के. भट्ट ने विद्यार्थिन्यों के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि खाद्य प्रौद्योगिकी में नए विचारों को व्यावसायिक रूप देकर रोजगार और उद्यमिता के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को भविष्य की खाद्य चुनौतियों का समाधान खोजने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते है।'फूडप्रेन्योर 2026' स्टार्टअप पिच चैलेंज में विद्यार्थिन्यों ने 'व्हे-गो' और 'व्हे-पोप्स' के माध्यम से व्हे से प्रोटीनयुक्त पेय और फ्रोजन स्नैक बनाने के विचार प्रस्तुत किए। 'बनाना लूप' में केले के गूदे और छिलकों का उपयोग, 'फाइटोगम बायो' में प्राकृतिक खाद्य स्थिरीकारक तथा 'सिंकडी' में विशेष पोषण आवश्यकताओं पर आधारित उत्पाद विकसित करने की अवधारणा रखी गई।

वहीं, 'एआई4फूड' प्रतियोगिता में विद्यार्थिन्यों ने फलों से बीज निकालने की मशीन, नए उद्यमियों के लिए 'फूडफाउंडर एआई' प्लेटफॉर्म, कंप्यूटर विजन से अनाज में मिले कंकड़-पत्थर अलग करने और क्लाउड किचन प्रबंधन की तकनीक प्रस्तुत की। इन नवाचारों में खाद्य प्रसंस्करण को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने पर जोर रहा।पोस्टर प्रतियोगिता में 34 प्रतिभागियों ने अंतरिक्ष यात्रियों के भोजन, पौध-आधारित खाद्य उत्पाद, सतत खाद्य प्रणाली, बीज जीनोमिक्स और डिजिटल ट्विन तकनीक जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी। 'फूडआईक्यू' प्रश्नेत्तरी में विद्यार्थिन्यों ने खाद्य विज्ञान से जुड़े ज्ञान और तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके साथ क्रिकेट, कैरम, रस्साकशी और दौड़ प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थिन्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रमों का समन्वय डॉ. रवि कुमार, डॉ. प्रियंका पांडे, इंजीनियर अंजलि श्रीवास्तव, डॉ. नम्रता सोनी, इंजीनियर श्रद्धा त्रिपाठी और अदिति जैन ने किया। खेल गतिविधियों का संचालन अमरदीप सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में प्रो. सौरभ श्रीवास्तव, प्रो. पूनम पुरी, डॉ. शशिकांत वर्मा, प्रो. श्रीदेवी, डॉ. लवकुश द्विवेदी, डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. जितेंद्र वर्मा और डॉ. साक्षी दुबे शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. राजीव बबेले, डॉ. कन्हैयालाल सोनकर, डॉ. सपना सक्सेना एवं डॉ. विनोद बौद्ध उपस्थित रहे।

हनुमानजी ने किया लंका दहन, दर्शक हुए भावविभोर

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सुल्तानपुर चिलकाना के पीठ मैदान में आयोजित वार्षिक श्रीरामलीला महोत्सव में हनुमानजी द्वारा लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। कार्तिक सैनी ने हनुमानजी, नितिन सैनी ने अक्षय कुमार और राहुल कुमार ने मेघनाद की भूमिका निभाई। मेघनाद द्वारा हनुमानजी को ब्रह्मास्त्र से बंदी बनाए जाने के बाद रावण की सभा में उनकी पूंछ में आग लगाने का निणय हुआ। इसके बाद हनुमानजी ने लंका दहन किया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गये। रामलीला मंचन में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के अध्यक्ष चौधरी हरीश पंवार ने रामजी की आरती कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। संचालन आकाश काशी ने किया। इस दौरान रामलीला समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' की थीम पर 27 को राजकीय आईटीआई में होगा युवा उत्सव का आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर । युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम का अनुपालन करते हुए जनपद स्तरीय कल्चरल ट्रैक युवा उत्सव का आयोजन 27 अक्टूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा।

जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेगें एवं एक प्रतिभागी एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है। प्रतिभाग करने के पूर्व प्रतिभागी का 'माय भारत पोर्टल' पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। युवा उत्सव का आयोजन कुल 05 विधाओं- लोकनृत्य, (समूह) लोकगीत, (समूह), नुक्कड नाटक (समूह), पेंटिंग, कविता लेखन, का आयोजन किया जायेगा। लोकनृत्य, (समूह) लोकगीत (समूह), नुक्कड नाटक (समूह), के एक दल में अधिकतम 10 प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकेंगें। जनपद स्तर पर सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों के कलाकारों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। विजयी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरूस्कृत किया जायेगा। जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कलाकार मण्डल स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें। प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये 'माय भारत पोर्टल' में अपने मोबाइल नम्बर से रजिस्ट्रेशन करना होगा तभी प्रतिभाग कर सकेगें। कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पूर्व कलाकारों को कार्यक्रम स्थल पर 27 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे पहुंचकर विधावार रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक के साथ एक गिरफ्तार



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने गोपाल पुत्र वेदपाल निवासी ग्राम मुंडीखेड़ी थाना रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से फर्जी नंबर प्लेट लगी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल ळइ-11-ए-9462 बरामद हुई।

इस संबंध में थाना रामपुर मनिहारान पर मुकदमा अपराध संख्या 330/26 धारा 336(2)/317(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

नई मंडी गौशाला में भारत विकास परिषद सम्राट ने किया गौ सेवा कार्यक्रम



प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। नई मंडी गौशाला में भारत विकास परिषद सम्राट शाखा द्वारा गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय प्रकल्प संयोजक (क्षय रोग सेवा) संजय मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील दत्त शर्मा मौजूद रहे।

आयोजन गौरी शर्मा, मोनिका शर्मा, शाखा अध्यक्ष विनय शर्मा और शाखा सचिव कुलदीप भारद्वाज के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के संयोजक इंजी. प्रमोद कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र त्यागी और विजय भार्गव रहे। इस अवसर पर संजय मिश्रा ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिनन्न अंग है। यह हमें निस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा और संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए।

कबड्डी प्रतियोगिता में खेड़ा, डंडोली खेड़ा और सुल्तानपुर की टीमों ने दर्ज की जीत

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। यूथ वेलफेयर कबड्डी क्लब और नव जनोदय इंटर कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित दिन -रात्रि कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता नादिया हसन और प्रिंस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के पहले दिन तीन मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में मोहल्ला खेड़ा की टीम ने सुल्तानपुर बी को हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में डंडोली खेड़ा की टीम ने नव जनोदय इंटर कॉलेज की टीम को शिकस्त दी। वहीं, तीसरे मुकाबले में सुल्तानपुर की टीम ने डंडोली खेड़ा को हराकर जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नादिया हसन ने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में ईसम सिंह, अभिषेक, शगुन, बिजेंद्र सिंह, चंदू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



21 पव्वे देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 पव्वे देशी शराब बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने राजेंद्र कुमार पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम घसौती थाना रामपुर मनिहारान को घसौती रोड पर रजवाह के पास से पकड़ा। उसके पास से महबूबा मार्का के 21 पव्वे देशी शराब बरामद हुए। इस संबंध में थाना रामपुर मनिहारान पर मुकदमा संख्या 331/26 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अवैध हथियारों के साथ दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी नगर और एएसपी/सीओ नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार कौशिक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अरुण उर्फ कार्तिक पुत्र धनीराम और गौरव उर्फ टीपू पुत्र रामफल निवासी ग्राम रवासोली थाना बेहट को ढमोला नदी पुल संतनगर की तरफ से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु.अ.सं. 234/26 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

संजीव धीमान बने भाजपा महानगर अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, समाज में खुशी की लहर

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। भाजपा में संजीव धीमान को महानगर अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा बनाए जाने पर धीमान समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर धीमान कल्याण महासभा के संस्थापक केपी सिंह धीमान के निवास पर समाज के लोगों ने एकत्र होकर संजीव धीमान को बधाई दी। लोगों ने उन्हें पगड़ी और पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया।उपस्थित लोगों ने इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि संजीव धीमान अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे और समाज की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाएंगे। इस दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रजेश धीमान सहित अशोक धीमान, मांगेराम धीमान, बिजेंद्र धीमान, प्रमोद धीमान और अमित धीमान समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

ऑपरेशन सवेराः 50 लाख की स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। ऑपरेशन सवेरा के तहत थाना कुतुबशेर और मिशन शक्ति एंटी रोमियो की संयुक्त टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 251 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देश पर परिक्षेत्र के तीनों जिलों में 'ऑपरेशन सवेरा - नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में एसपी नगर और सीओ नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चांदनी पतने नौशाद निवासी लहियागढ़ थाना कुतुबशेर को रामगढ़ नहर के पास बालिया के भट्टे की तरफ से गिरफ्तार किया।? गिरफ्तारी के आधार पर थाना कुतुबशेर पर मु.अ.सं. 485/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस तस्करी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है।

शांति भंग करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी ग्रामीण और सीओ सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम साहबपुरा और ग्राम जीवाला से शहजाद पुत्र इदरीश, अमजद पुत्र इदरीस, फिरोज पुत्र नानू निवासी साहबपुरा और राहुल पुत्र सतपाल निवासी जीवाला को गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

तहसील देवबंद में जनगणना के द्वितीय चरण की समय सारिणी हुई जारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की जनसंख्या की जनगणना के अन्तर्गत तहसील देवबन्द ग्रामीण में 21 अक्टूबर से 06 नवंबर तक जनगणना हेतु नियुक्त किये गये 752 प्रगणकों एवं 137 सुपरवाईजरो का 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुवँर महेश दत्त हरपत राय, कन्या महाविद्यालय देवबन्द में किया जाएगा।?तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी ग्रामीण देवबंद ने बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों द्वारा घर-घर जाकर द्वितीय चरण जनगणना कार्य किया जाएगा। 5 जनवरी से 9 जनवरी तक प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों द्वारा पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

प्रयागराज से गुजरात तक रेल संपर्क होगा सुगम, त्योहारों में प्रयागराज-वलसाड के बीच चलेगी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनः

त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज और गुजरात के वलसाड के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04189/04190 प्रयागराज-वलसाड-प्रयागराज सुपरफास्ट स्पेशल 25 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक दोनों दिशाओं में 6-6 फेरों में चलेगी। इस ट्रेन से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के प्रमुख शहरों के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा।प्रयागराज से गुजरात तक प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली यह विशेष ट्रेन यात्रियों को धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंचने का अतिरिक्त रेल विकल्प उपलब्ध कराएगी।

आज होगा 'बैरिस्टर राम आधार पांडेय चौराहा' का अनावरण, महापौर गणेश केशरवानी करेंगे अनावरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयाग नगरी की राजनीतिक, सामाजिक एवं विधिक विरासत को सम्मानित करने की दिशा में आज एक महत्त्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी चिंतक एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के अग्रणी अधिवक्ता स्वर्गीय बैरिस्टर राम आधार पांडेय के नाम पर नामित चौराहे का अनावरण आज शाम 5 बजे प्रयागराज के महापौर श्री गणेश केशरवानी के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम का विवरण

दिनांकः 16 अक्टूबर 2026(शुक्रवार)

- समयः आज शाम 5:00 बजे
- स्थानः बैरिस्टर राम आधार पांडेय चौराहा, मोतीलाल नेहरू रोड, निकट वुमेन गर्ल्स हॉस्टल, प्रयागराज।

बतादें कि स्व. बैरिस्टर राम आधार पांडेय का व्यक्तित्व प्रयागराज की समाजवादी राजनीतिक परंपरा, विधिक क्षेत्र और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य के रूप में उन्होंने सार्वजनिक जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1978 में बाबू बनारसी दास के मंत्रिमंडल में स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री के रूप में भी उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

आचार्य नरेंद्र देव, डॉ. राममनोहर लोहिया, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्वों के साथ उनके आत्मीय संबंध एवं वैचारिक सहभागिता प्रयाग की राजनीतिक विरासत का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। नगर निगम सदन में पारित प्रस्ताव के क्रम में प्रयाग चुंगी चौराहे का नाम उनके सम्मान में 'बैरिस्टर राम आधार पांडेय चौराहा' रखा गया था। आज होने वाला अनावरण उनके सार्वजनिक योगदान, सिद्धांतनिष्ठ जीवन और समाजसेवा की विरासत को स्थायी पहचान प्रदान करेगा।

यह अवसर केवल एक चौराहे के नामपट्ट के अनावरण तक सीमित नहीं, बल्कि प्रयागराज की उस गौरवशाली परंपरा के स्मरण का अवसर है, जिसमें विचार, न्याय, जनहित और समाजसेवा को विशेष महत्त्व दिया गया है। चौराहे का यह नाम आने वाली पीढ़ियों को स्वर्गीय बैरिस्टर राम आधार पांडेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराने का माध्यम बनेगा।उक्त जानकारी स्व. बैरिस्टर राम आधार पांडेय जी के पुत्र, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश पांडेय 'बबुआ' ने दी।